DELHI CRIME 29 sep 2022:Layout 1 9/28/2022 7:35 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | वीरवार 29 सितंबर 2022 | पीडीएफ अंक-162 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

मौसम

अधिकतम –34 | सूर्योदय – 6 : 12
न्यूनतम – 25 | सूर्यास्त – 6 : 09

सोना चांदी

सोना – 51785.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 55400.00 किलो

अर्थसार

सैंसेक्स –56598.28 | निफ्टी – 16858.60
रु/यूएस डॉलर – 81.68 | रु/यूरो – 78.48

न्यूज फ्लैश

राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने बिप्लब कुमार देब और गुलाम अली को दिलाई शपथ

नई दिल्ली। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को उच्च सदन के लिए नवनिर्वाचित सदस्य बिप्लब कुमार देब और मनोनीत सदस्य गुलाम अली को शपथ दिलाई। बिप्लब कुमार देब को डॉ. माणिक साहा के इस्तीफे के कारण हुई आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए त्रिपुरा राज्य से उपचुनाव में निर्वाचित किया गया है। राज्यसभा सभापति के कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में देब ने जहां हिंदी में शपथ ली, वहीं गुलाम अली ने अंग्रेजी में शपथ ली। इस दौरान विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन, विज्ञान और प्रौद्यौगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के साथ ही महासचिव पीसी मोदी और राज्यसभा सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को डीए, डीआर की अतिरिक्त किस्त होगी जारी

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 1 जुलाई से देय 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक जुलाई से चार प्रतिशत की दर से अतिरिक्त किस्त जारी करने का फैसला किया गया है। इससे सरकारी खजाने पर सालाना 12,852 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। जुलाई से फरवरी तक इस पर 8568 करोड़ रुपये खर्च होंगे। देश के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को इसका लाभ मिलेगा।

राष्ट्रपति ने लखीमपुर खीरी सड़क हादसे पर जताया दुख, प्रधानमंत्री ने की मुआवजे की घोषणा

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया है। साथ ही प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के आश्रितों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि को मंजूरी दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट संदेश में कहा, ह्लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश में हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मृत्यु के समाचार से अत्यंत दुःख हुआ है। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, उप्र के लखीमपुर खीरी में हुए हादसे से व्यथित हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये दिए जाएंगे। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हादसा बस और ट्रक के बीच टक्कर की वजह से हुआ है।

ताजमहल 500 मीटर के दायरे में एडीए ने शुरू किया सर्वे

आगरा। ताजमहल के 500 मीटर के दायरे में एडीए ने सर्वे शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बुधवार से सर्वे शुरू कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने ताजमहल की 500 मीटर की परिधि पर किसी भी प्रकार के व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाए जाने का आदेश पारित किया था। आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) ने आज से ताजमहल के 500 मीटर के दायरे में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सर्वे शुरू कर दिया है। इस सर्वे के तहत एडीए द्वारा ताजमहल के 500 मीटर के दायरे में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों के करने वाले दुकान, शोरूम और होटल को चिन्हित किया जाएगा। जिसके पश्चात इन्हे बंद किये जाने के लिए एडीए द्वारा नोटिस दिया जाएगा। ऐसा न करने पर इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ताजमहल पश्चिमी गेट मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकरियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में एमसी मेहता बनाम यूनियन बैंक और अन्य कुछ याचिकाएं दायर की गयी थी। इन्ही की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ताजमहल के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाए जाने का आदेश पारित किया था। इसी आदेश के तहत एडीए द्वारा सर्वे की कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है।

कला जगत के लिए प्रेरणा स्थली बनेगा लता मंगेशकर चौक : मोदी

-अयोध्या में लता मंगेशकर चौक के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री ने दिया वीडियो संदेश
-यह चौक, यह वीणा अयोध्या के विकास एवं प्रेरणा को और अधिक गुंजायमान करेगी : पीएम

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारतरत्न लता मंगेशकर, मां सरस्वती की एक ऐसी साधिका थीं, जिन्होंने पूरे विश्व को अपने दिव्य स्वरों से अभिभूत कर दिया। साधना लता जी ने की, वरदान हम सबको मिला। अयोध्या में लता जी के नाम पर बना चौक, हमारे देश में कला जगत से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणा स्थली की तरह कार्य करेगा। यह बताएगा कि भारत की जड़ों से जुड़े रहकर, आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए, भारत की कला और संस्कृति को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाना, यह भी हमारा कर्तव्य है। बुधवार को भारतरत्न लता मंगेशकर चौक, अयोध्या के लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं दीं। लता जी के लोकप्रिय भजन "मन की अयोध्या तब तक सूनी, जब तक राम ना आए" की याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या के भव्य मंदिर में श्रीराम आने वाले हैं और उससे पहले करोड़ों लोगों में राम नाम की प्राण प्रतिष्ठा करने वाली लता दीदी का नाम, अयोध्या शहर के साथ हमेशा के लिए स्थापित हो गया है। रामचरितमानस में कहा गया है- "राम ते अधिक राम कर दासा।" अर्थात राम जी के भक्त राम जी के भी पहले आते हैं। संभवतः इसलिए, राम मंदिर के भव्य निर्माण के पहले उनकी आराधना करने

वाली उनकी भक्त लता दीदी की स्मृति में बना ये चौक भी मंदिर से पहले ही बन गया है। चौक के विकास पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस जगह पर लता चौक विकसित किया गया है, वो अयोध्या में सांस्कृतिक महत्व के विभिन्न स्थानों को जोड़ने वाले प्रमुख स्थलों में से एक है। ये चौक, राम की पैड़ी के समीप है और सरयू की पावन धारा भी इससे बहुत दूर नहीं है। लता दीदी के नाम पर चौक के निर्माण के लिए इससे बेहतर स्थान और क्या होता! चौक परिसर में सरोवर के प्रवाहमय जल में संगमरमर से बने 92 श्वेत कमल, लता जी की जीवन अवधि को दर्शा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की हजारों वर्ष पुरानी विरासत पर गर्व करते हुए, भारत की संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना, ये भी हमारा दायित्व है। इसके लिए लता दीदी जैसा समर्पण और अपनी संस्कृति के प्रति अगाध प्रेम अनिवार्य है। भारत के कला जगत के हर साधक को इस चौक से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। लता दीदी के स्वर युगों-युगों तक देश के कण-कण को जोड़े रखेंगे। अयोध्या में 'लता चौक' के लोकार्पण पर योगी सरकार की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह लता दीदी हमेशा नागरिक कर्तव्यों को लेकर बहुत सजग रहीं, वैसे ही अयोध्या में लोकार्पित लता मंगेशकर चौक भी अयोध्या में रहने वाले लोगों को, अयोध्या आने वाले लोगों को कर्तव्य-परायणता की प्रेरणा देगा। यह चौक, यह वीणा, अयोध्या के विकास और अयोध्या की प्रेरणा को भी और अधिक गुंजायमान करेगी।

दीदी के भजनों ने हमारे अंतर्मन को बनाया राममय - प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे अयोध्या ने इतने युगों बाद भी राम को हमारे मन में साकार रखा है, वैसे ही लता दीदी के भजनों ने हमारे अन्तर्मन को राममय बनाए रखा है। मानस का मंत्र 'श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन, हरण भव भय दारुणम' हो या मीराबाई का 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो', अनगिनत ऐसे भजन हैं, बापू का प्रिय भजन 'वैष्णव जन' हो, या फिर जन-जन के मन में उतर चुका 'तुम आशा

....शेष भाग पेज 3 पर

'मेकिंग ऑफ ए रेवोलुशनरी' प्रदर्शनी का उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर कश्मीरी गेट स्थित दिल्ली की प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर कुदसिया बाग में कला,संस्कृति व भाषा विभाग द्वारा आयोजित शहीद भगत सिंह जी के जीवन वृतांत पर आधारित ह्यमेकिंग ऑफ ए रेवोलुशनरीह्न नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि भगत सिंह का पूरा जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। चाहे उनका बाल्यकाल हो, उनकी स्कूल-कॉलेज के दिनों की क्रांतिकारी गतिविधिया हो या फिर देश की

आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे से झूल जाना। वह हर वृतांत हमें देशभक्ति के भाव से भर देता है और देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। सिसोदिया ने कहा कि 23 साल की छोटी उम्र में आज जब युवा नौकरी ढूंढने, करियर बनाने को लेकर सोच रहे होते है उस दौर में शहीद भगत सिंह के क्रांतिकारी प्रयासों और देश के लिए बलिदान

....शेष भाग पेज 3 पर

शराब घोटाले का सच जानते हैं केजरीवाल : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के सच से परिचित हैं। उन्हें पता है कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जेल जाएंगे। इस लिए वह पहले से ही बता रहे हैं कि सिसोदिया गिरफ्तार होने वाले हैं। बिधूड़ी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं को पता है कि शराब घोटाले में हजारों करोड़ का घपला हुआ है। इसी लिए वे स्वयं ही अब उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सीबीआई और ईडी मामले की जांच कर रहे हैं और गिरफ्तारियां शुरू हो गई हैं। अगर सिसोदिया के खिलाफ सबूत मिल गए तो

फिर उनकी गिरफ्तारी भी होगी ही। केजरीवाल या दूसरे आप नेताओं के प्रलाप से जांच एजेंसियां अपना काम करना बंद नहीं कर देंगी। बिधूड़ी ने कहा कि विजय नायर की गिरफ्तारी के बाद जो बातें सामने आ रही हैं, वे कम चौंकाने वाली नहीं हैं। विजय नायर पर शराब ठेकेदारों से पैसे लेने की जिम्मेदारी थी जबकि शराब कारोबारी समीर महेंद्रू के बारे में सभी का मानना है कि वह शराब नीति बनाने से लेकर उसे लागू कराने में पूरी तरह सक्रिय थे। उनकी गिरफ्तारी के बाद अब जिन दूसरे लोगों की गिरफ्तारी की आशंका बन रही है तो उसमें सिसोदिया का नाम भी शामिल है। ऐसे में केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा सिसोदिया की गिरफ्तारी की आशंका भी यही बताती है कि उन्हें भी पता चल गया है कि अब हजारों करोड़ के घोटाले के सारे सबूत सामने आ रहे हैं। इसीलिए वे अब स्वयं ही सिसोदिया की गिरफ्तारी की संभावना भी व्यक्त कर रहे हैं।

सरकारी जमीनों पर बनी मजारों को हटाया जाये : बजरंग दल

कानपुर। धर्म के नाम पर मुस्लिम लोग सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। उन पर कहीं मजार बनी है या बनाई जा रही है या कहीं अन्य प्रकार के धार्मिक स्थल बने हुए हैं। ऐसी सभी सरकारी जमीनों से मजारों को प्रशासन हटवाए। यह मांग बुधवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी से की। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी विशाखजी अय्यर से मिलकर सरकारी जमीन पर बनाई गई मजारों व मुस्लिम धर्म स्थलों को हटाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार बेनाझावर में लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने सरकारी जमीन पर मजार बनाने का प्रयास किया गया, वह गलत है। हालांकि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उसे मंगलवार को तोड़ दिया था। उसी क्रम में जिलाधिकारी से मिलकर शहर भर में सरकारी जमीनों पर बनी मजारों व मुस्लिम धर्म स्थलों को हटाने की मांग की है। कहा गया कि मुस्लिम समाज की ओर से ऐसी जमीनों पर कब्जा करना जेहाद है, जिसे बजरंग दल के कार्यकर्ता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिला संयोजक कृष्णा तिवारी ने कहा कि जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द सर्वे कराकर ऐसी जगहों को चिन्हित करने का आश्वासन दिया है।

भगवान जगन्नाथ की 60 हजार एकड़ से अधिक भूमि के दस्तावेजों का डिजिटलीकरण होगा

पुरी। ओडिशा सरकार की मंजूरी के बाद भगवान जगन्नाथ के नाम पर 60 हजार एकड़ से अधिक भूमि के दस्तावेजों का डिजिटलीकरण होगा। इसकी जानकारी एक अधिकारी ने दी है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक वीवी यादव ने पुरी के गजपति महाराजा दिव्य सिंह देव की अध्यक्षता में हुई प्रबंधन समिति की बैठक के बाद बताया कि महाप्रभु जगन्नाथ बिजे के नाम पर ओडिशा में 60,426 एकड़ जमीन है, और छह अन्य राज्यों में 395.252 एकड़ भूमि है। सूत्रों ने कहा कि ओडिशा के बाहर पश्चिम बंगाल में



भगवान के नाम पर सबसे ज्यादा 322.930 एकड़ भूमि है। इसके अलावा महाराष्ट्र में 28.21 एकड़, मध्य प्रदेश में 25.11 एकड़, आंध्र प्रदेश में 17.02 एकड़, छत्तीसगढ़ में 1.7 एकड़ और बिहार में 0.27 एकड़ भूमि दर्ज है। यादव ने कहा कि भूमि दस्तावेजों के डिजिटलीकरण की जिम्मेदारी सरकारी संस्था ओडिशा स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (ओआरएसएसी) को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मंजूरी मिलने के बाद इस प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। कुछ दिनों पहले खबर आई है कि ममता सरकार द्वारा पुरबा मेदिनीपुर जिले के समुद्र तट शहर दीघा में 100 करोड़ रुपये की लागत से जगन्नाथ मंदिर तैयार किया जा रहा है। इस मंदिर का निर्माण कार्य 2023 तक पूरा होगा। समुद्र तट के पास 20 एकड़ भूखंड पर मंदिर का निर्माण पश्चिम बंगाल हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा किया जा रहा है, जो ओडिशा के पुरी में सदियों पुराने जगन्नाथ मंदिर से मिलता जुलता है। 65 मीटर ऊंचे मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियां होंगी।

Vacancy

ब्यूरो चीफ
डिप्टी ब्यूरो चीफ
रिपोर्टर

दिल्ली क्राइम प्रेस के राष्ट्रीय अखबार से जुड़कर बने अपने जिले के समाचार और विज्ञापन प्रभारी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 83750 00984

देश में ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण चरम पर है महंगाई : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण देश में महंगाई आसमान छू रही है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अविजितो ने कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि लगातार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में कमी आने के बाद भी देश में ईंधन के दामों को कम नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते देश में महंगाई बढ़ रही है। अविजितो ने कहा कि इस वर्ष जून में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल थी जो अब घटकर करीब 84 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। लेकिन केन्द्र सरकार

ईंधन के दाम कम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जब मई 2014 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 106 डॉलर प्रति बैरल मिलता था तब दिल्ली में पेट्रोल 71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था और डीजल 55 रुपये के आस-पास था। अविजितो ने कहा कि ईंधन की कीमत बढ़ाकर केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 से अब तक करीब 28 लाख करोड़ रुपये की कमाई की है। लेकिन यह सरकार देश की बढ़ती महंगाई पर लगाम नहीं लगा पा रही है। मोदी सरकार को बताना चाहिए कि आखिर यह पैसा कहां जा रहा है और ईंधन के दाम कम क्यों नहीं किए जा रहे हैं।

DELHI CRIME 29 sep 2022:Layout 1 9/28/2022 7:35 PM Page 2

सम्पादकीय

कांग्रेस नेताओं के बगावती तेवर

जिस तरह से मध्य प्रदेश की सत्ता में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री बनने के लिए दबाव बनाने की रणनीति अपनाई थी। उसी राह पर राजस्थान के सचिन पायलट चल रहे हैं। कांग्रेस के युवा नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। कांग्रेश अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा के हमलों को देखते हुए राहुल गांधी ने, कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उसके बाद अशोक गहलोत को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की सर्वसम्मति पार्टी मे बनी। कांग्रेस के नेता अपने भविष्य को और व्यक्तिगत लाभ लेकर चिंतित रहते हैं। पार्टी से उन्हें कोई जुड़ाव नहीं रहता है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी राजनीति के वह दांवपेच अभी भी नहीं सीख पाए हैं। जो राष्ट्रीय स्तर के नेता में पार्टी को एकजुट और सत्ता में पकड़ बनाए रखने के लिए जरूरी होती है। जैसे ही अशोक गहलोत के राष्ट्रीय कांग्रेश अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी। उसके तुरंत बाद सचिन पायलट सक्रिय हो गए। एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत को लेकर कांग्रेस नेताओं के बीच कांव-कांव होने लगी। गहलोत के अध्यक्ष बनने के पहले ही पायलट ने राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर ताजपोशी का दबाव बनाया। वस्तुस्थिति यह है विधायकों का बहुमत अशोक गहलोत के पास है। सचिन पायलट अल्प मत में होते हुए राहुल की कृपा से राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। सचिन पायलट राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में पहुंचे। एक सखा के रूप में उन्होंनेराजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर नियुक्ति चुनाव के पहले करने का दबाव बनाया। राहुल गांधी भी शायद उनकी बातों में आ गए।बच्चा पैदा हुआ नहीं, उसके पहले ही बाजा बजाना शुरू हो गये। गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष का फार्म भी नहीं भरा था। उसके पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष के दूत बनकर मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन जयपुर पहुंच गए। आनन-फानन में विधायकों की बैठक बुला ली। मुख्यमंत्री पद के लिये रायशुमारी करने लगे। अजय माकन के तेवर ऐसे थे, जैसे वह सचिन पायलट की ताजपोशी करने के लिए दिल्ली से भेजे गए हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कई दशकों का राजनीतिक अनुभव है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से राजस्थान की सरकार को बचाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए। 2023 का विधानसभा चुनाव जीतने के लिए राज्य की योजनाएं बनाई। गहलोत की नजर में सचिन पायलट में सभी को साथ लेकर चलने,और गहलोत से बात करना भी सचिन पायलट पसंद नहीं करते। ऐसी स्थिति में विवाद होना ही था। सही मायने में कहा जाए तो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के रूप में जिस तरह के राजनीतिक नेता की जरूरत थी। उसके गुण अशोक गहलोत में देखने को मिलते हैं। राजस्थान के विवाद में उन्होंने परिपक्वता का परिचय दिया है। सचिन पायलट के फुलाए हुए फुग्गे को कुछ ही घंटों में गहलोत समर्थकों ने फोड़कर पायलट को नेपथ्य में लाकर खड़ा कर दिया। पायलट की पुरानी बगावत को गहलोत समर्थक भूले नहीं है। राहुल गांधी बहुत जल्दी मे भावात्मक होकर निर्णय ले लेते हैं। परिपक्व राजनेता मंथन करता है। उसके निर्णय से क्या क्या असर हो सकते हैं।निर्णय लेने के पहले किन किन को संभालना होता है। पार्टी के बुजुर्ग नेता जिन्हें अनुभव बहुत होगा। उन को साथ रखकर यदि वह राजनीति करेंगे। तो भविष्य में एक सफल राजनेता बन सकते हैं। राजस्थान के ताजा घटना चक्र में अशोक गहलोत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद, 1 पद 1 व्यक्ति के सिद्धांत को लागू करते, तो इस तरह का विवाद नहीं बनता। कांग्रेस नेताओं की पार्टी बन गई है। राहुल गांधी के आसपास जो बुजुर्ग नेता हैं,वह भी सही सलाह ना देकर निजी हितों को ध्यान में रखकर फैसले कराते हैं।

गाँधी परिवार का गहलोत ने तोड़ा भरोसा ?

लेखक-प्रभुनाथ शुक्ल /ईएमएस

राजस्थान का राजनीतिक संकट कांग्रेस और गांधी परिवार के लिए सबसे बड़ा सबब है। यह संकट एक तरफ सत्ता और दूसरी तरफ पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था का है। निश्चित रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधायकों का सामूहिक त्यागपत्र करा गांधी परिवार का भरोसा तोड़ दिया है। गांधी परिवार उन पर अटूट भरोसा और विश्वास करता था। यहीं वजह थी कि 2018 में सचिन पायलट की बगावत को शांत कर प्रियंका गांधी ने अशोक गहलोत का सियासी संकट खत्म कर दिया था।लेकिन बदली परिस्थितियों में गहलोत ने खुद संकट खड़ा कर दिया। उन पर अटूट भरोसे की वजह से ही कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए उन्हें आगे लाया गया था। सोनिया गांधी को इसकी कभी उम्मीद नहीं रही होगी कि गहलोत उनकी दुर्गति करा देंगे। वर्तमान वक्त कांग्रेस के लिए संघर्ष का है। पार्टी के बेहद वफादार एक-एक करके टूटते चले जा रहे हैं। पूरे देश से कांग्रेस खत्म हो चली है। पार्टी के बड़े-बड़े दिग्गजों ने गांधी परिवार और कांग्रेस का भरोसा खोया है। जिन लोगों को कांग्रेस ने अर्श से फर्श पर बिठाया उन्हीं लोगों ने पार्टी की पीठ में छुरा घोंप दिया। सत्ता की चाहत में गांधी परिवार की सबसे विश्वसनीय व्यक्तियों में एक अशोक गहलोत ने भी जो कार्य किया गांधी परिवार के लिए यह सबसे बड़ा झटका है। कांग्रेस की उम्मीद राहुल गांधी एक तरफ भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। देशभर से लोग यात्रा में जुड़ रहे हैं। यात्रा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। लेकिन राजस्थान में गहलोत और उनके विधायक बगावत पर हैं। गहलोत यह नहीं कह सकते कि सारे राजनीतिक घटनाक्रम में उनकी कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने साफ कहा है कि सचिन पायलट को हम किसी भी कीमत पर मुख्यमंत्री नहीं स्वीकार कर सकते हैं। यह बात सच है कि गहलोत के पास विधायक अधिक है। लेकिन अगर इसी बात पर पायलट भी अड़ जाएं तो क्या गहलोत मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं। कोई भी पार्टी या संगठन अनुशासन, संतुलन और समायोजन से चलता है। व्यक्ति के अहम से नहीं। कांग्रेस और गांधी परिवार के पास राजनीतिक संघर्ष के दिन है। अच्छे-अच्छे कांग्रेसी नेता पार्टी का साथ छोड़ते जा रहे हैं। वैसे भी कांग्रेस को मुख्यमंत्री बदलना भारी पड़ता है। मध्यप्रदेश में कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया, पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह बनाम सिंधु और आसाम में तरुण गोगोई और हेमंत विश्वा के झगड़े ने सम्बंधित राज्यों में कांग्रेस की जड़ें उखड़ कर रख दिया। संबंधित राज्यों के राजनेताओं ने आलाकमान नहीं सुनी। राजस्थान में उसी कहानी को अशोक गहलोत ने भी दोहराया है। कांग्रेस की मुख्यधारा से टूट कर जो लोग निकले हैं इतिहास गवाह है वह कुछ हासिल नहीं कर पाए। क्योंकि संगठन से बड़ा व्यक्ति नहीं हो सकता। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संगठन और आलाकमान का विश्वास तोड़ कर सत्ता के लिए सबसे बड़ी गद्दारी की है। यह वक्त कांग्रेस को फिर से खड़ा करने का है। सत्ता के क्षत्रपों के लिए संगठन कोई मायने नहीं रखता। बदलते राजनीतिक परिवेश में कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व यानी सोनिया गाँधी की कोई अहमियत नहीं रह गई है। कांग्रेस में वह वक्त हुआ करता था जब आलाकमान की एक लाइन पार्टी का अंतिम फरमान साबित होती थीं। लेकिन राजस्थान का संकट यह साफ इशारा करता है कि अब वह दौर खत्म हो चुका है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत किसी भी स्थिति में पद नहीं छोड़ना चाहते। पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री दोनों रहना चाहते थे। लेकिन राहुल गांधी के दो टुक के बाद उन्होंने अपना नजरिया बदल दिया था। लेकिन सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की सुगबुगाहट से उन्होंने अपना दांव चल दिया। राजस्थान के राजनीतिक हालात को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी को कड़े निर्णय लेने चाहिए। राजस्थान में कांग्रेस कहां जाएगी। उसका क्या होगा। तमाम ऐसे सवालों की चिंता छोड़ देनी चाहिए। अशोक गहलोत को हटाकर वहां नया मुख्यमंत्री चुनना चाहिए। अगर इससे के बाद भी बात नहीं बनती है तो मौन हो जाएं और खेल को देखें। कभी-कभी चुप रहना भी अच्छा होता है। सचिन पायलट जैसे नेताओं में राज्य का भविष्य दिखता है। सचिन युवा नेता है आने वाले कुछ सालों तक राजस्थान में कांग्रेस के लिए अच्छा काम कर सकते हैं। गहलोत को अब मुख्यमंत्री पद से हटा देना चाहिए। वैसे भी गहलोत अपने हरकत से कांग्रेस जैसे अध्यक्ष पद के लिए लायक भी नहीं हैं। सोनिया गांधी ने राज्य के प्रभारी अजय माकन, मलिकार्जुन खरगे और केसी वेणुगोपाल से लिखित रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के आने के बाद निश्चित रूप से गहलोत के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। राज्य की सत्ता से गहलोत की विदाई तय मानी जा रही है। अशोक गहलोत ने सत्ता की चाहत में सारा खेल बिगड़ दिया। सवाल उठता है कि संगठन में अगर लोग अपनी मर्जी के मालिक हो जाएंगे तो पार्टी कैसे चलेगी। कांग्रेस की संस्कति और शीर्ष नेतृत्व का क्या करेगा। अब वक्त आ गया है जब कांग्रेस को अनुशासन के मामले में और कठोर होना चाहिए। उसे भाजपा जैसी अनुशासन नीति अपनानी चाहिए। राजनीति के सूरमाओं को किनारे लगाना चाहिए। इस तरह के कठोर निर्णय से सोनिया गांधी और कांग्रेस को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। ऐसे हालात में कांग्रेस पास खोने के लिए क्या कुछ बचा है।नहीं फिर ऐसे लोगों को साफ करना ही अच्छा होगा। भविष्य में जो कांग्रेस आएगी उसके पास एक एक सोच, नई उम्मीद और नई उमंग होगी। निश्चित रूप से एक अच्छी कांग्रेस को खड़ा करने में वक्त लगेगा।लेकिन संघर्ष के दिनों को क्रांतिकारी बनाए रखने के लिए जोखिम भरे फैसले लेने की भी आवश्यकता है।

आज का कार्टून।

कुष्माण्डा

सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।

माँ दुर्गा जी के चौथे स्वरूप का नाम कुष्माण्डा है। अपनी मन्द, हल्की हँसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कुष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अन्धकार ही अन्धकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने ह्यईषतह्न हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि ाकी आदि-स्वरूपा, आदि शक्ति हैं। इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में हैं। सूर्य लोक में निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में हैं। इनके शरीर की कान्ति और प्रभा भी सूर्य के समान ही देदीप्यमान और भास्वर है। इनके तेज की तुलना इन्हीं से की जा सकती है। अन्य कोई भी देवी-देवता इनके तेज और प्रभाव की समता नहीं कर सकते। इन्हीं के तेज

और प्रकाश से दसों दिशाएं प्र-काशित हो रही हैं। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अव्यवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। इनकी आठ भुजाएं हैं।

अतः ये अष्ट भुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में प्रमशः कमण्डल धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चप्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इनका वाहन सिंह हैं। संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा कुम्हड़े को कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। इस कारण से भी ये कूष्माण्डा कही जाती हैं। नवरात्र पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहत चप्र में अवस्थित होता है। अतः इस दिन उसे अत्यन्त पवित्र और अचञ्चल मन से कूष्माण्डा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिये। माँ कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक विनष्ट हो जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। माँ कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से भी प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाय तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है। हमें चाहिये कि हम शास्त्रों-पुराणों में वर्णित विधि-विधान के अनुसार माँ दुर्गा की उपासना और भक्ति के मार्ग पर अहर्निश अग्रसर हों। माँ के भक्ति मार्ग पर कुछ ही कदम आगे बढ़ने पर भक्त साधक को उनकी कृपा का सूक्ष्म अनुभव होने लगता है। यह दुःख-स्वरूप संसार उसके लिये अत्यन्त सुखद और सुगम बन जाता है। माँ की उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतारने के लिये सर्वाधिक सुगम और श्रेयस्कर मार्ग हैं। माँ कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधिया-व्याधियें से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। अतः अपनी लौकिक-पारलौकिक उन्नति चाहने वालों को इनकी उपासना में सदैव तत्पर रहना चाहिये।

गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता। यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है। जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो। महत्वहीन या सांसारिक बातें न करो। यदि तुम गुरु के साथ निकटता अनुभव नहीं कर रहे, तो गुरु की आवश्यकता ही क्या है? वह तुम्हारे लिए केवल एक और बोझ है। बस, उसे अलविदा कह दो। तुम गुरु के साथ हो ताकि तुम गुरु के आनन्द में सहभागी हो, उनकी चेतना के सहभागी। इसके लिए पहले तुम्हें अपने आप को खाली करना है, जो पहले से है, उसे गुरु को दे देना है। मन में जितना भी कूड़ा हो, किसी भी प्रकार का, गुरु लेने के लिए तैयार हैं। तुम जैसे भी हो, गुरु तुम्हें स्वीकार कर लेंगे। वे अपनी ओर से बांटने को तैयार हैं- तुम्हें केवल अपनी ओर से तैयार होना है।

क्या पायलट का विमान भी भाजपा के विमानतल पर लैण्ड करेगा....?

लेखक- ओमप्रकाश मेहता (ईएमएस)

राष्ट्रीय पटल से अब धीरे-धीरे विलोपित होती जा रही कांग्रेस अब राज्यों की ओर मुखातिब हो गई है? क्योंकि किसी समय कई दशकों तक पूरे देश पर राज करने वाली कांग्रेस अब अपने दुर्दिन देखने को मजबूर है, राष्ट्रीय राजनीति मे तो अब वह अपना वजूद खो ही चुकी, अब उसकी गिनी-चुनी राज्य सरकारें बुरे दिन देखने को मजबूर हो रही है, जिसका ताजा उदाहरण राजस्थान है, जहां एक शख्स की पद की हवस ने पूरी पार्टी को हाशिये पर ला दिया है। जी हाँ, यहां जिक्र राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गेहलोत का हो रहा है जो इन दिनों पौराणिक पात्र भस्मासुर की भूमिका अख्तियार कर अपनी जन्मदात्री पार्टी को भस्म करने पर तुले है, उनकी पद लिप्सा इतनी अधिक बढ़ गई है कि वे अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर आसीन होकर राजस्थान के मुख्यमंत्री पद को भी अपने अधिकार में रखना चाहते है और युवा प्रभावी नेता सचिन पायलट को किसी भी स्थिति में मुख्यमंत्री नहीं बनने देना चाहते। इसीलिए यह राजनीतिक संभावनाएं स्पष्ट होने लगी है कि मध्यप्रदेश का इतिहास राजस्थान के युवा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह सचिन पायलट भी भाजपा में जा सकते है। उल्लेखनीय है कि जिस तरह मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कांग्रसी नेता स्व. माधवराव सिंधिया के सुपुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया का राज्य में उनकी खानदानी परम्परा के अनुरूप राजनीतिक वर्चस्व है, उसी तरह पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट के सुपुत्र सचिन पायलट का भी राजस्थान कांग्रेस में गहरी पैठ है, अब जब कांग्रेस संगठन के चुनाव सामने आए तो पार्टी आलाकमान से नजदीकी रखने वाले

अशोक गेहलोत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की तमन्ना पूरी करने का प्रयास शुरू किया और काफी हद तक वे अपने प्रयासों में सफल भी रहे, किंतु उन पर पद लिप्सा इतनी अधिक सवार हो गई कि उन्होंने राहुल गांधी के प्रिय पात्र सचिन पायलट की ही खिलाफत शुरू कर दी, इस मामले में वे राहुल जी की भी नहीं सुन रहे है, वे अपने ही किसी प्रिय पात्र को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर देखना चाहते है, जिससे कि कांग्रेस पार्टी के साथ राजस्थान पर भी उनका ही कब्जा बरकरार रहे। इसीलिए राजस्थान के उनके समर्थक 90 विधायकों ने इस्तीफें का नाटक किया और पार्टी में भीषण कलह पैदा किया। यद्यपि अभी अशोक जी कांग्रेस अध्यक्ष बने नहीं है किंतु उनका अचार-व्यवहार राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसा ही हो गया है। देश की सबसे वयोवृद्ध पॉलिटिकल पार्टी कांग्रेस की दुर्गति एवं उसके वेंटिलेटर पर जाने का यही मुख्य कारण है, आज कांग्रेस के मौजूदा नेताओं को पार्टी की नहीं, बल्कि अपने स्वयं के वजूद की चिंता है, वे पार्टी के सिर पर सवार होकर उसे अपनी जूती से भी बदतर मानते है और जहां तक इस पार्टी के नेतृत्व का सवाल है वह तो गैर अनुभवी व लापरवाह है, उसे तो पार्टी वसीयत में मिली है, जिसे वह संभाल कर रखने में अक्षम सिद्ध हो रहा है। ....और इसी कारण गोवा, कर्नाटक आदि राज्यों में न सिर्फ कांग्रेस सत्ताहीन हुई बल्कि उसे अपना मौजूदा वजूद भी खोजना पड़ रहा है। ....और कांग्रेस की इस मौजूदा स्थिति का पूरा राजनीतिक लाभ भाजपा उठा रही है.... यदि यह कहा जाए कि भाजपा के सत्ता में बने रहने का एक मात्र कारण कांग्रेस है तो कतई गलत नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस ने आजादी के बाद के पांचा दशकों तक देश की सरकार तो चला ली, किंतु अब उसके मौजूदा नेतृत्व में इतना अनुभवी पुरातन वैभव लौटा सके, शायद पार्टी में इसी माहौल के चलते पार्टी के गुलाम नबी आजाद तथा कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं को अपमान महसूस हुआ और उन्होंने पार्टी से एक झटके में अपना बरसों पुराना नाता तोड़ लिया, अब कांग्रेस को ये ही विभीषण त्रेतायुग की भूमिका में आकर पार्टी का खात्मा करने वाले है। ....और अब चूंकि देश के राजनीतिक पटल पर कांग्रेस के अलावा कोई भी अन्य राष्ट्रीय राजनीतिक दर्जा प्राप्त दल नहीं है, इसलिए कांग्रेस की इसी दुरावस्था का राजनीतिक लाभ भाजपा और भाई नरेन्द्र मोदी लम्बे समय तक उठाने को आतुर है। देश के अन्य सभी राजनीतिक दल राज्य या क्षेत्रिय स्तर के दल है, जिनका राष्ट्रीय स्तर पर कोई अस्तित्व नहीं है। अब देश में चुनावी पर्व शुरू होने वाला है, इसी वर्ष के अंत से लेकर 2024 के लोकसभा चुनावों तक डेढ दर्जन राज्यों में विधानसभाओं और अप्रैल-मई 2024 में लोकसभा के चुनाव होगें, भाजपा ने इसकी हर स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है, जब कि कांग्रेस आपसी संघर्ष और देश को जोड़ने में लगी है, देश की चिंता करने वाली कांग्रेस को अपनी चिंता कतई नहीं है.... यही स्थिति मोदी जी की सत्ता को दीर्घजीवी बनाने के लिए काफी है और विपक्षी एकता के दावों का कोई मतलब नहीं।

प्रसंगतः सद्बुद्धि-सद्भावना

एक सेठ अत्यंत धर्मात्मा थे। वे अपनी आय का बहुत बड़ा हिस्सा सेवा परोपकार जैसे धार्मिक कार्यों में खर्च किया करते थे कई पीढ़ियों से उनके परिवार पर लक्ष्मी की असीम कृपा बनी रहती थी। एक बार देवी लक्ष्मी के मन में आया कि एक जगह रहते-रहते कई सौ वर्ष हो गए, ऐसे में, क्यों न इस परिवार को त्यागकर कहीं अन्यत्र जाया जाए। एक दिन लक्ष्मी ने सेठ से स्वप्न में कहा, 'मैं तुम्हारे यहाँ पीढ़ियों से रहते रहते अब ऊब-सी गई हूँ। किसी के यहाँ ज्यादा दिनों तक रहना भी अच्छा नहीं माना गया है। अतः मैं अब तुम्हारे घर से प्रस्थान करना चाहती हूँ। चूँकि तुम सबने अपने प्रेमपाश में मुझे बाँधे रखा है, इसलिए जाते-जाते मैं तुम्हें कोई एक वरदान देना चाहती हूँ। तुम अच्छी तरह सोच-समझकर अपनी इच्छानुसार मुझसे कोई एक वरदान माँग लो।' सेठ ने अपने परिवार के सदस्यों को बुलाकर इस पर विचार-विमर्श शुरू किया। किसी ने सेठ से कहा, देवी लक्ष्मी से असीमित धन माँग लो, तो किसी ने उनसे बहुमूल्य हीरे-जवाहरात माँगने की इच्छा रखी। सेठ की वृद्धा माँ परम धर्मात्मा और संतोषी थी। उन्होंने सेठ से कहा, 'बेटा, माँ लक्ष्मी से यह वरदान माँगो कि हमारे परिवार में सभी की सद्बुद्धि और सद्भावना हमेशा बनी रहे। सेठ ने यही वरदान माँ लक्ष्मी से माँग लिया। लक्ष्मी ने यह सुना, तो बोलीं, 'तुम बड़े चतुर आदमी हो। सच-सच बताओ, तुम्हें यह वरदान माँगने की सलाह भला किसने दी?' सेठ द्वारा माँ का नाम लेने पर लक्ष्मी फिर बोलीं, 'एक ही वरदान में उन्होंने सबकुछ माँग लिया। जहाँ सद्बुद्धि होगी और प्रेम होगा, वहाँ शील, सत्य और विश्वास को भी स्वतः रहना होगा। तुम्हारी अनुभवी और सच्ची धर्मात्मा माँ ने तो एक ही वरदान में स्वर्ग माँग लिया है। अब मैं ऐसी दिव्य धर्मात्मा वृद्धा को छोड़कर भला कहाँ जाऊँगी?

DELHI CRIME 29 sep 2022:Layout 1 9/28/2022 7:35 PM Page 3

प्राथमिक शिक्षा बच्चों की पढ़ाई की नींव होती है: डीसी मुनीष शर्मा

पलवल, (हि.स.)। जिला में शिक्षा के स्तर में सुधार व ड्राप आउट रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे है। एनजीओ के माध्यम से जिला में लगाए गए शिक्षा सहायकों के लगने के बाद जिले में हुए सुधार को लेकर बुधवार को उपायुक्त मुनीष शर्मा ने सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों के साथ बैठक कर शिक्षा सहायकों से फीडबैक लिया। उपायुक्त मुनीष शर्मा ने कहा कि नीति आयोग द्वारा लर्निंग इंडिगेटर में कक्षा तीसरी, पांचवी व आठवीं में गणित, हिन्दी व अंग्रेजी की समीक्षा की जाती है। इसमें सुधार हुआ है तथा ड्रॉपआउट में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे प्राइमरी से मिडिल कक्षा तक तथा मिडिल से दसवीं तक स्कूलों में नहीं पहुंचते हैं व पढाई बीच में छोड़ देते है उन बच्चों को फिर से शत प्रतिशत स्कूलों में लाना है। उन्होंने कहा कि बच्चे स्कूल में प्रतिदिन आए इसके लिए अध्यापकों को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। डीसी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों की पढ़ाई की नींव होती है, नींव मजबूत होगी तो बच्चे अपने लक्ष्य को छू लेगा। नीवं मजबूत करने के लिए प्राथमिक शिक्षकों अहम भूमिका होती है। इसके लिए अध्यापक विशेष ध्यान दें। डीसी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए अच्छा माहौल मिले व पढ़ाई कराई जाए इसके लिए मॉडल तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि कुछ स्कूलों में पेयजल, शौचालय व सफाई की जो समस्या है उसे हल करने के लिए रैनीवेल सिस्टम व जनस्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा। शिक्षा सहायकों की फीडबैक के बारे में डीसी को स्कूल के प्रिंसिपलों ने बताया कि शिक्षा सहायक अच्छा कार्य कर रहे हैं। निश्चित रूप से पलवल जिला के स्कूलों में शिक्षा को स्तर में सुधार होगा। प्रिंसिपलों ने मिडिल स्कूलों में भी शिक्षा सहायकों की नियुक्ति करने का आग्रह किया। कई स्कूलों के प्रिंसिपलों ने बताया कि शिक्षा सहायक अपने कार्य में निपुण है तथा कई बाते हमें उनसे भी सीखने को मिल रही है।

यमुना का जलस्तर बढऩे से डूबी किसानों की फसलें

फरीदाबाद, (हि.स.)। हथिनीकुंड बैराज से तीन लाख क्यूसेक और ओखला बैराज से 85 हजार क्यूसेक पानी छोडऩे जाने के बाद यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। फरीदाबाद जिले में यमुना के सटे गांवों और कालोनियों में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिला प्रशासन ने भी यमुना से सटे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अलर्ट करके दूर भेजने की तैयारियां शुरू कर दी है। यमुना के बढ़े जलस्तर के चलते साथ लगे गांवों के किसानों की कई एकड़ फसलें जलमग्न होकर खराब हो गई।

माना जा रहा है कि यमुना का जलस्तर आने वाले दिनों में और बढ़ेगा। जलस्तर बढऩे के कारण गांव लालपुर तथा दलेलपुर में कई एकड़ में बोई गई बैंगन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। इसके अलावा यमुना किनारे पर कपास, बाजरा के अलावा सब्जी की खेती किसानों द्वारा की गई, इनकी फसलें भी खराब हो गई है। यमुना से सटे गांव चांदपुर, छांयसा, शाहजहांपुर समेत दर्जनभर से अधिक गांवों के किसानों की विभिन्न फसलें खेतों में खड़ी है, यमुना का जलमग्न बढऩे से उन्हें चिंता जताने लगी

है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इल्म नहीं था कि इतना जलस्तर बढ़ जाएगा। इसके अलावा गांव साहूपुरा और कठपुला भी यमुना के बढ़ते जलस्तर के चलते बंद कर दिया गया है। वहीं पल्ला, बंसतपुर के साथ सटी कालोनियों में भी लोगों के घरों के पास पानी पहुंच गया है। जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लोगों को यमुना नदी से दूर रहने की सलाह दी है। वहीं कालोनियों में रहने वाले लोगों का कहना है कि अपने खून पसीने की कमाई से उन्होंने अपने आशियाने बनाए है, जबकि यमुना नदी का जलस्तर बढऩे के चलते अब उन्हें दूर जाना पड़ेगा, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

विधवा की पेंशन बनने में देरी हुई तो डीसी पहुंच गए समाज कल्याण कार्यालय

हिसार, (हि.स.)। निकटवर्ती गांव गंगवा की विधवा संतरी देवी की कई दिनों से पेंशन नहीं बन रही थी। वह बुधवार को इसकी शिकायत लेकर उपायुक्त उत्तम सिंह के पास पहुंच गई। पेंशन में देरी की शिकायत सुनकर उपायुक्त खुद उक्त महिला के साथ समाज कल्याण कार्यालय पहुंच गए और उसकी पैंशन का स्टेट्स जांचा। उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को चेताया कि पेंशन के मामलों को निपटाने में एक माह से अधिक की देरी नहीं होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कड़ी हिदायत देते हुए एक माह से लंबित सभी मामलों की सूची बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विधवा पेंशन के मामले में रिकॉर्ड चैक करते हुए संबंधित को फटकार लगाई और अविलंब पेंशन संबंधी कार्रवाई पूरी करने को कहा। इसके पश्चात विभाग द्वारा पेंशन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर दी गई। अब जल्द ही मुख्यालय द्वारा महिला की पेंशन जारी कर दी जाएगी। कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उत्तम सिंह ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आवेदकों को दस्तावेज इत्यादि के लिए एक ही बार कार्यालय बुलाए। बेवजह चक्कर कटवाने वाले अधिकारी व कर्मचारी की जिम्मेवारी व जवाबदेही को तय किया जाएगा।

पार्ट टाइम कर्मचारियों का वेतन घटाकर सरकार ने किया उनके भविष्य से खिलवाड़: ईश्वर मुवाल

-यूनियन ने सीटीएम को सौंपा मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन

हिसार। सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की जिला कमेटी ने हरियाणा सरकार द्वारा पार्ट टाइम कर्मचारियों का वेतन घटाने का विरोध जताया है। इसी के चलते जिला प्रधान रामफल शिकारपुर की अध्यक्षता में यूनियन ने बुधवार को रोष प्रदर्शन किया और सीटीएम को मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला सह सचिव ईश्वर मुवाल ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पार्ट टाइम कर्मचारियों का वेतन घटाकर उनके हितों पर कुठाराघात किया है। आज महंगाई के इस दौर में पार्ट टाईम कर्मचारियों का वेतन बढ़ाकर उनको राहत दी जानी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने ऐसा करने की बजाय वेतन कम करके पार्ट टाइम कर्मचारियों की कमर तोड़ दी है। सरकार के इस निर्णय से कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के रोष को देखते हुए संगठन ने सरकार के इस निर्णय आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसके

तहत संगठन द्वारा हरियाणा के प्रत्येक मंत्री के दरवाजे पर जाकर कर्मचारियों की मांगों को लेकर गु-हार लगाई जाएगी। इसके तहत नौ अक्तूबर को टोहाना में प्रदर्शन कर पंचायत विकास विभाग के मंत्री देवेन्द्र बबली को कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी प्रकार से हरियाणा सरकार के प्रत्येक मंत्री के आवास पर प्रदर्शन किया जाएगा ताकि विधानसभा के आगामी सत्र में सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की नीति बनाकर उन्हें पक्का करवा सके। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मांगों में सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारी जिसकी सेवा दो साल हो गई हो उन सभी कर्मचारियों को नियमित किया जाए, किसी भी कर्मचारी से दोहरी ड्यूटी ना ली जाए, समान काम समान वेतन दिया जाए व पदोन्नति कोटा 50 प्रतिशत किया जाए सहित अनेक मांगें शामिल हैं। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, देवीलाल, विनोद कुमार, राजेन्द्र, बलवान सिंह मोड़ी, रामनारायण आदि उपस्थित रहे।

बदलता लाइफस्टाइल युवाओं को बना रहा हार्ट का मरीज: डा. दिनेश सहगल

विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सकों ने दी जानकारी

हिसार, (हि.स.)। बदलते लाइफस्टाइल का असर दिल की सेहत पर अब अधिक नजर आने लगा है। पिछले कुछ वर्षों की ही बात करें तो दिल की बीमारी का कोई अंदेशा न होते हुए भी सडन कार्डियक अरेस्ट या हार्ट अटैक से अनेक लोगों की जान जाते हुए देखा-सुना गया है। हाल ही के वर्षों में युवाओं को इस कारण दिल बीमारियों का काफी सामना करना पड़ रहा है। यह बात सपरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट डा. दिनेश सहगल ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। गुरूवार को विश्व हृदय दिवस से पूर्व जानकारी सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि बदलते लाइफस्टाइल के कारण बढ़ती दिल की बीमारी के कारण ये बहुत जरूरी हो जाता है कि समय रहते दिल से जुड़ी दिक्कतों की पहचान कर उन्हें दूर किया जाए। वैश्विक तौर पर हर साल 29 सितम्बर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है, इस दिन को मनाने का मकसद दिल की सेहत के प्रति जागरूकता फैलाना और सेहतमंद जीवनशैली पर जोर देना है जिससे हेल्दी हार्ट की तरफ अग्रसर हुआ जा सके। उन्होंने बताया कि खानपान सेहत को अत्यधिक प्रभावित करता है। दिल से जुड़ी बीमारियों को दूर रखने के लिए अपनी डाइट में सुधार करना जरूरी है। फल, हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों, अंडे, दूध और प्रोटीन से भरपूर चीजों को डाइट में शामिल करके बहुत ज्यादा तेल से भरी चीजें खाने से परहेज करना चाहिए।

किसानों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन कर रोष मार्च निकाला

यमुनानगर, (हि.स.)। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के द्वारा बुधवार को हरियाणा प्रदेश में जिला स्तर पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन कर रोष मार्च निकाला गया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सबसे पहले किसानों ने यमुनानगर के शहीद भगत सिंह चौक पर जाकर भगत सिंह की मूर्ति पर फूल मालाऐ डाल कर नमन किया और वहां पर पड़ी गंदगी को साफ किया। वहीं चौक पर भगत सिंह की मूर्ति की साफ सफाई करते रोष स्वरूप निगम कार्यालय में पहुंचकर किसानों ने निगम और मेयर के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद किसान कन्हैया चौक से इकट्ठे होकर कपड़े निकाल कर अर्धनग्न पैदल मार्च करते हुए जिला उपायुक्त के कार्यालय पर गए और वहां पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की कॉपियां और हरियाणा सरकार के आदेशों की कॉपियों की प्रतियां जलाई।

पेज 1 का शेष भाग

कला जगत के लिए प्रेरणा स्थली बनेगा लता ...

विश्वास हमारे राम', ऐसे मधुर गीत हों ! लता जी की आवाज में इन्हें सुनकर अनेकों देशवासियों ने भगवान राम के दर्शन किए हैं। हमने लता दीदी के स्वरों की दैवीय मधुरता से राम के अलौकिक माधुर्य को अनुभव किया है। संगीत में ये प्रभाव केवल शब्दों और स्वरों से नहीं आता। ये प्रभाव तब आता है, जब भजन गाने वाले में वो भावना हो, वो भक्ति हो, राम से वो नाता हो, राम के लिए वो समर्पण हो। इसीलिए, लता जी द्वारा उच्चारित मंत्रों में, भजनों में केवल उनका कंठ ही नहीं बल्कि उनकी आस्था, आध्यात्मिकता और पवित्रता भी गूंजती है। उन्होंने कहा कि लता दीदी की आवाज में आज भी 'वन्दे मातरम' का आह्वान सुनकर हमारी आंखों के सामने भारत माता का विराट स्वरूप नजर आने लगता है। लता जी के जन्मदिन मौके पर प्रधानमंत्री ने उनसे जुड़ी स्मृतियाँ भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन संपन्न हुआ था, तो मेरे पास लता दीदी का फोन आया था। वो बहुत भावुक थीं, बहुत खुश थीं, बहुत आनंद में भर गई थीं और बहुत आशीर्वाद दे रही थीं।

पूरे देश को रोमांचित कर रही हैं राम मंदिर की तस्वीरें - अयोध्या में निमार्णाधीन श्रीरामजन्मभूमि मंदिर को लेकर देशभर में उत्सुकता का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रभु राम हमारी सभ्यता के प्रतीक पुरुष हैं। राम हमारी नैतिकता के, हमारे मूल्यों, हमारी मयार्दा, हमारे कर्तव्य के जीवंत आदर्श हैं। अयोध्या से लेकर रामेश्वरम तक, राम भारत के कण-कण में समाये हुये हैं। भगवान राम के आर्शीवाद से आज जिस तेज गति से भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, उसकी तस्वीरें पूरे देश को रोमांचित कर रही हैं। ये अपनी 'विरासत पर गर्व' की पुनर्प्रतिष्ठा भी है, और विकास का नया अध्याय भी है।

प्रधानमंत्री की अयोध्यावासियों से अपेक्षाएं - इस खास मौके पर प्रधानमंत्री ने अयोध्यावासियों से अपनी अपेक्षाएं भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि देश के कोटि-कोटि लोग अयोध्या आने वाले हैं, आप कल्पना कर सकते हैं अयोध्यावासियों को अयोध्या को कितना भव्य बनाना होगा, कितना सुंदर बनाना होगा, कितना स्वच्छ बनाना होगा और इसकी तैयारी आज से ही करनी चाहिए और ये काम अयोध्या के हर नागरिक को करना है, हर अयोध्यावासी को करना है, तभी जाकर अयोध्या की आन बान शान, जब कोई भी यात्री आएगा, तो राम मंदिर की श्रद्धा के साथ-साथ अयोध्या की व्यवस्थाओं को, अयोध्या की भव्यता को, अयोध्या की मेहमाननवाजी को अनुभव करके जाएगा। इसके लिए अयोध्या के भाई और बहन अभी से तैयारियां शुरू कर दें।

'मेकिंग ऑफ ए रेवोलुशनरी' प्रदर्शनी का ...

ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को दिशा और गति प्रदान की। यही कारण है कि आज वे सभी व्यक्ति जिनके अंदर देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है, भगत सिंह उन सभी के प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि लोगों को भगत सिंह के जीवन से सीखने और राष्ट्र के लिए उनके प्रयासों के महत्व को गहराई से समझने में मदद करने के लिए इस अगले एक महीने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि लोग अपने दोस्तों-परिवार के साथ यहां आए और न केवल इस प्रदर्शनी को देखे व भगत सिंह जी की जीवन से सीख ले बल्कि दिल्ली के इतिहास धरोहर कुदसिया बाग में भी घुमने का लुत्फ उठाये। इस प्रदर्शनी में भगत सिंह के जन्म वर्ष 1907 से लेकर 1931 में उनकी मृत्यु तक के जीवन, इतिहास और घटनाओं को चार भागों में प्रदर्शित किया गया। पहले भाग में सरदार भगत सिंह के जन्म व उससे जुड़े स्थान, उनके परिवार, उनके विद्यालय आदि के बारे में अवगत कराया गया है। दूसरे भाग में भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों के आरंभ के बारे में दशार्या गया है कि किस प्रकार बचपन से ही भगत सिंह ब्रिटिश राज के अत्याचारों के खिलाफ अपने दिल में बदले की भावना के बीज बो रहे थे। तीसरे भाग में दिल्ली की केन्द्रीय विधान सभा अर्थात आज के संसद भवन में 8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह द्वारा फेंके गए बम और उससे संबंधित दस्तावेजों को प्रदर्शित किया गया है। अंतिम भाग में भगत सिंह और उनके साथी राजगुरु तथा सुखदेव के हृदयविदारक फांसी के दृश्य को दशार्ते हुए शहीद भगत सिंह के त्याग, बलिदान और समर्पण व देश पर मर मिटने के जज्बे को सलामी दी गई है। प्रदर्शनी के निरंतरता में एक नुक्कड़ नाटक भी दिखाया गया जब भगत सिंह जेल में थे तब कैसे वे एक सफाई कर्मचारी को सभी जात-पात के बंधनों को तोड़कर अपनी बेबे के समान प्यार और सम्मान देते थे। यह निःशुल्क प्रदर्शनी जन सामान्य के लिये 28 सितम्बर 2022 से 27 अक्टूबर 2022 समय सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुली हुई है। सरदार से शहीद बनने की इस कहानी को अभिलेखों और तकनीक के माध्यम से जिस प्रकार बारादरी की दीवारों पर उकेरा गया है वह देखने लायक है। ऐतिहासिक कुदसिया बाग का निर्माण आज से लगभग 300 साल पहले यमुना के किनारे निर्माण करवाया गया था। बाग चारदीवारी से घिरा हुआ था और यहां कई ऐतिहासिक इमारतें थी और एक महल था लेकिन 1857 की क्रांति तथा उसके बाद हुए कई युद्धों के कारण ज्यादातर इमारतें दशको पहले गायब हो चुकी है। 1857 की क्रांति के बाद इसकी संरचना में कई बदलाव किए गए। वर्तमान में यहां एक प्रवेश द्वार, एक मस्जिद व एक बारादरी या बावड़ी स्थित है। कुदसिया बाग का इतिहास भगत सिंह से भी जुड़ा हुआ है। असेम्बली में बम डालने से पहले भगत सिंह पहले कुदसिया बाग में ही एकत्र हुए थे जहां पर दुर्गा भाभी ने अपने खून से भगत सिंह का तिलक किया और उनकी पसंद की मिठाई खिलाई। दिल्ली सरकार ने दशको से उपेक्षित इस बाग के संरक्षण करने का काम किया है। सरकार ने यहां इमारतों के रखरखाव के साथ यहां मौजूदा बाग को भी नया स्वरुप देने का काम किया है। जिससे यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आकर्षित होंगे।

जांच रिपोर्ट के बाद भी मामला दर्ज न करने का मामला गृह मंत्री के दरबार में पहुंचा

-विज ने एडीजीपी को दिए कार्यवाही के निर्देश

पलवल, (हि.स.)। जिले के उपमंडल हथीन के गांव घुड़ावली की पूर्व महिला सरपंच के कार्यकाल में हुई अनियमितताओं की जांच रिपोर्ट के बावजूद उटावड थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज न करने का मामला गृहमंत्री अनिल विज के दरबार में पहुंच गया है। शिकायतकर्ता शौकत ने बुधवार को बताया कि इस मामले में अम्बाला जाकर गृहमंत्री अनिल विज के दरबार में इस संदर्भ में शिकायत की। शिकायत में कहा कि जांच रिपोर्ट में लिखा गया है कि सम्बन्धित पूर्व सरपंच ने अपने कार्यकाल के दौरान एक करोड़ 71 लाख 83 हजार 995 रुपए की धनराशि अधिक निकाल कर अनियमितता की। जिला उपायुक्त एवं अन्य अधिकारी अनियमितता की धनराशि वसूलने एवं एफआईआर दर्ज करने के निर्देश लिखित में दे चुके हैं। पंचायत एवं विकास विभाग की तरफ से दो बार उटावड थाना को लिखित में एफआईआर दर्ज करने को कहा गया है। इसके बावजूद उटावड थाना पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। शिकायतकर्ता शौकत की शिकायत को गृहमंत्री अनिल विज ने अपने पोर्टल पर दर्ज कराकर रेवाड़ी के एडीजीपी एम रविकिरण को लिखित निर्देश देकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक ने लिखित निर्देश दिए हैं दर्ज कराई गई एफआईआर को पोर्टल पर अपलोड किया जाए और सम्बन्धित पूर्व सरपंच से अनियमितताओं की धनराशि वसूलने की प्रक्रिया शुरू की जाए। वहीं हथीन के बीडीपीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि उनकी तरफ से उटावड थाना पुलिस को मामला दर्ज करने के लिए शिकायत भेजी जा चुकी है। अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

युवा पीढ़ी शहीद भगत सिंह के विचारों से दोस्ती करें: यादवेन्द्र सिंह सन्धू

-शहीद भगत सिंह के पौत्र ने युवाओं से किया आह्वान

फरीदाबाद, (हि.स.)। शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती पर बुधवार एनएच-3 स्थित शहीद भगत सिंह कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहीद भगत सिंह के पौत्र एवं शहीद भगत सिंह बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने ब्रिगेड के नौजवानों के साथ मिलकर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने कहा कि वे शहीद भगत सिंह के अकेले वारिस नहीं है, बल्कि सारा देश ही उनका परिवार है। उन्होनें कहा कि देश के युवाओं को शहीद ए आजम से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों से दोस्ती करनी चाहिए। उन्होनें युवाओं से

आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में शहीद भगत सिंह बिग्रेड से जुडकर राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का काम करें। यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि जौ कौम अपने शहीदों को भुला देती है उसका भविष्य कभी भी उज्जवल नहीं होता। उन्होनें कहा कि हमें भी देश के शहीदों की तरह निडर होकर किसी भी समय अपने देश के लिए बलिदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना है। उन्होनें कहा कि आज के युवाओं को भी अपनी जिम्मेवारी समझनी होगी क्योकि जब जब युवा जागा है देश का संकट भागा है,उस समय के युवा जागे और हमें आजादी जैसा तोहफा मिला,आज के नौजवान भी जागें और एक अच्छे नागरिक और देशभक्त बने ताकि सही सच्ची श्रृद्वांजलि हम शहीद ए आजम को दे सके।

एडवांस जर्नलिज्म एंड रिपोर्टिंग टेक्निक कोर्स
रिपोर्टिंग में अपना भविष्य बनाने वाले लोगों के लिए सुनहरा मौका

जॉब प्लेसमेंट 100 परसेंट गारंटीड
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 8375000984

DELHI CRIME 29 sep 2022:Layout 1 9/28/2022 7:35 PM Page 4

अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 पैकेज देने पर जयशंकर के सामने दी सफाई

वाशिंगटन, (हि.स.)। अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 से जुड़े पैकेज देने के मामले में विदेश मंत्री एस जयशंकर के सामने फिर सफाई दी है। हाल ही में अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान के बेड़े के रखरखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। अमेरिका ने कहा कि आतंकवादी खतरों से निपटने के लिए इस्लामाबाद की क्षमता बढ़ाने के लिए विमानों के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए सैन्य उपकरण उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस महीने की शुरूआत में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले को पलटते हुए पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान के बेड़े के रखरखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। अमेरिका की यात्रा पर आए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस फैसले पर सवाल उठाया था। जिसपर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि यह पाकिस्तान के पास लंबे समय से मौजूद एफ-16 के लिए रखरखाव से संबंधित है। इनमें कुछ नया नहीं है, बल्कि उसके (पाकिस्तान के) पास जो मौजूद है उसे बरकरार रखा जा रहा है। हमारी जिम्मेदारी और दायित्व है कि हम जिसे सैन्य उपकरण उपलब्ध कराएं, उसका रखरखाव भी किया जाए। यह हमारा दायित्व है। ब्लिंकन ने जयशंकर के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान से ही पैदा होने वाले आतंकवाद के स्पष्ट खतरे हैं और चाहे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान हो, चाहे आईएस या अल-कायदा, मुझे लगता है कि खतरे स्पष्ट हैं और यह सुनिश्चित करने में हम सभी का हित है कि हमारे पास उनसे निपटने के साधन हों। ब्लिंकन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी से बातचीत करने के एक दिन बाद कहा कि अमेरिका अपने मित्रों को अपने मतभेद कूटनीति, संवाद के जरिये हल करने के लिए प्रेरित करता है।

क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान सउदी अरब के प्रधानमंत्री नियुक्त

रियाद, (हि.स.)। हमेशा अपने कामों व उदारवारी नीतियों से चर्चा में रहने वाले सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान एक बार फिर चर्चा में हैं, इस बार वे प्रधानमंत्री नियुक्त जाने पर चर्चा में हैं। सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद ने मंगलवार को क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करने के लिए एक शाही फरमान जारी किया। कुछ दिनों पहले ही क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के राष्ट्रपति जो बाइडन को अपनी ताकत के आगे झुकने के लिए मजबूर कर दिया था। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने सत्ता में आने के बाद आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक सुधार कर एक रूढ़िवादी तेल महाशक्ति को पलटकर रख दिया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के अरब की आधिकारिक यात्रा करनी पड़ी थी, जिसे प्रिंस सलमान की जीत बताया गया था। सऊदी अरब के शक्तिशाली क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान चार साल पहले पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या पर अंतरराष्ट्रीय आक्रोश से बेपरवाह होकर उभरे।

खशोगी की हत्या को लेकर प्रिंस सलमान से नाराज थे बाइडेन - जो बाइडेन ने भी सऊदी अरब के शक्तिशाली क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पर खशोगी की हत्या का आदेश देने का आरोप लगाया था। मोहम्मद बिन सलमान मात्र केवल 36 वर्ष के हैं। उनके बुजुर्ग पिता किंग सलमान ने मोहम्मद बिन सलमान को सऊदी अरब की सत्ता सौंपने बद बात सामने आई थी। माना जा रहा है किंग सलमान का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण देश की कमान अघोषित रूप से प्रिंस सलमान के हाथों में ही रहती है। उन्होंने न सिर्फ अपने देश, बल्कि विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने एक सशक्त विदेश नीति को अपनाया, जिसने सऊदी के वर्चस्व को कई गुना बढ़ा दिया।

शाही परिवार की बगावत को दबाया - 2015 में मोहम्मद बिन सलमान के सऊदी अरब का क्राउन प्रिंस बनते ही शाही परिवार में बगावत शुरू हो गई थी। लेकिन प्रिंस सलमान ने इस बगावत को सफलता पूर्वक दबाया और इसकी शुरूआत करने वाले अपने प्रतिद्वंदियों को हाशिए पर डाल दिया। उन्होंने 2017 में तख्तापलट की कोशिश करने वाले अपने एक चचेरे भाई को भी सबक सिखाया था।

उन्होंने चंद दिनों में सऊदी सेना और खुफिया एजेंसियों पर भी अपना कब्जा जमा लिया। इसके बाद उन्होंने कई शाही और अन्य प्रमुख सउदी लोगों को गिरफ्तार किया। उन्हें भ्रष्टाचार विरोधी अभियान में रियाद के रिट्ज-कार्लटन होटल में महीनों तक कैद रखा गया।

ऐतिहासिक सुधार कर बनाया मुरीद - प्रिंस सलमान ने ने सउदी के लिए रोजगार पैदा करने और वित्तीय सुधारों को शुरू करने के लिए नए उद्योगों को विकसित करने के उद्देश्य से व्यापक बदलावों की घोषणा थी। उनके हाई प्रोफाइल सामाजिक सुधारों में सिनेमा और सार्वजनिक मनोरंजन की अनुमति की पहल शामिल है। उन्होंने सऊदी अरब में महिलाओं के ड्राइविंग पर लगे प्रतिबंध को भी समाप्त कर दिया। प्रिंस सलमान सऊदी अरब के युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय भी हैं।

जयशंकर ने कहा- भारत की कमर तोड़ रही तेल की बढ़ती कीमतें

वॉशिंगटन, (हि.स.)। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विकासशील देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की कीमतें हद से ज्यादा बढ़ी हुई हैं। इनकी कीमतों में नरमी आनी चाहिए। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए नये अवसरों पर चर्चा की है। वहीं पेंटागन पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का भव्य स्वागत हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तेल की कीमतों का मुद्दा उठाया और अमेरिकी समकक्ष को ऊर्चा चिंताओं से अवगत कराया। यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी ने रूस से कहा था कि ये युद्ध का युग नहीं है। वहीं अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका से कहा है कि तेल की कीमतों ने हमारी कमर तोड़ दी है। एस जयशंकर ने कहा, 'हम प्रति व्यक्ति 2,000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। हम तेल की कीमत को लेकर चिंतित हैं। तेल की कीमतें हमारी कमर तोड़ रही है और ये हमारे लिए एक बड़ी चिंता है।' विदेश मंत्री ने कहा कि अधिक भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने में भारत, अमेरिका का हित है। ईंधन की महंगाई का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि विकासशील देश अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने को लेकर चिंतित हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका को अवश्य ही कट्टरपंथ, चरमपंथ और रूढ़िवाद का मुकाबला करना होगा।

पेंटागन में भव्य स्वागत - वाशिंगटन की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे जयशंकर सोमवार को ऑस्टिन से मुलाकात के लिए पेंटागन गए थे। पेंटागन में विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए ऑस्टिन ने हाल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ टेलीफोन पर हुई अपनी बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि यह बातचीत दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी और आकांक्षाओं को मजबूत करती है। पेंटागन ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि भारत और अमेरिका अपनी साझेदारी में अगले चरण की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि यह कदम क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत के योगदान को बढ़ाएगा।ऑस्टिन और जयशंकर ने अमेरिका और भारतीय सेनाओं के बीच गहरे अभियानगत समन्वय के लिए सूचना-साझा किये जाने और साजो-सामान सहयोग के विस्तार को लेकर प्रतिबद्धता जताई। पेंटागन ने कहा कि उन्होंने (जयशंकर और ऑस्टिन ने) एक क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत के योगदान के समर्थन में द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के नये अवसरों पर भी चर्चा की। इसमें इस साल के अंत में एक नया रक्षा संवाद शुरू करना भी शामिल है क्योंकि अमेरिका और भारत अंतरिक्ष, साइबर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आत्मघाती हमला, 21 सैनिक जखमी

इस्लामाबाद, (हि.स.)। पाकिस्तान में सेना पर हमले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 21 पाकिस्तानी सैनिकों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान क्षेत्र में मीर अली बाई पास रोड पर एक आत्मघाती हमलावर ने घात लगाकर सेना के वाहन को निशाना बनाया। काफी देर तक प्रतीक्षा के बाद जैसे ही पाकिस्तानी सेना का काफिला उधर से निकला आत्मघाती हमलावर ने स्वयं को काफिले के बीच में झोंक दिया। हमला होते ही तेज धमाका हुआ और चीख-पुकार सुनी जाने लगी। हमले में 21 सैनिकों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। घायलों को तत्काल एक सैन्य प्राथमिक उपचार केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों की स्थिति स्थिर बनाई गयी है। दरअसल तहरीक- ए-तालिबान पाकिस्तान और पाकिस्तानी सेना के बीच विवाद लगातार चल रहा है। हाल ही में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के संघर्ष विराम पर सहमत होने के बावजूद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

ऊपर से यह भी देखा जा रहा है कि जनजातीय जिलों में आतंकियों द्वारा सैन्य बलों पर हमलों में तेजी आई है। पिछले महीने में नौ अगस्त को उत्तरी वजीरिस्तान में एक आत्मघाती हमले में कम से कम चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे और सात अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले चार जुलाई को इसी इलाके में सुरक्षा बलों के काफिले पर एक आत्मघाती हमलावर ने हमला किया था, जिसमें कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे।

सऊदी ने की सोने और तांबे के स्थलों की खोज की घोषणा

-छिपा सोना पूरा कर सकता है क्राउन प्रिंस का सपना!

रियाद (ईएमएस)। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ द किंगडम ऑफ सऊदी अरेबिया ने अल-मदीना अल-मुनव्वराह क्षेत्र में सोने और तांबे के नए अयस्क स्थलों की खोज की घोषणा की है। सऊदी प्रेस एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। मदीना में अबा अल-राहा, उम्म अल-बराक शील्ड, हिजाज की सीमाओं के भीतर सोने के अयस्क की खोज की गई है। सऊदी अरब को उम्मीद है कि नई खोज निवेशकों को आकर्षित कर सकती है। इस क्षेत्र में यह खोज एक महत्वपूर्ण घटना है क्योंकि पहले यह माना जाता था कि उम्म अल-बराक शील्ड में सोने के अयस्क की कमी है। इन खोजों में सेकेंडरी कॉपर काबोर्नेट खनिज जैसे मैलाकाइट और अजूराइट शामिल हैं। अल अरबिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, नई खोजें स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित कर सकती हैं जिनकी कीमत 533 मिलियन डॉलर तक होने की उम्मीद है जिनसे 4000 नौकरियां पैदा हो सकती हैं। विश्लेषकों का कहना है कि नई खोजें सऊदी अरब में खनन को बढ़ावा दे सकती हैं और निवेश के आशाजनक अवसरों के लिए अधिक संभावनाएं खोल सकती हैं। एमबीएस 2030 तक सऊदी अरब की तेल पर आर्थिक निर्भरता को दूसरी चीजों से बदलना चाहते हैं। सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज संसाधन मंत्री खालिद अल मुदेफेर ने जुलाई में बताया था कि पिछले साल सऊदी अरब के खनन उद्योग में 8 अरब डॉलर का विदेशी निवेश देखा गया। उन्होंने कहा कि खनन में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कानून पारित होने के बाद विदेशी निवेश बढ़ा है। सऊदी अरब 2030 तक खनन क्षेत्र में 170 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद कर रहा है। बता दें कि सऊदी अरब सोने के सबसे बड़े धारक के रूप में दुनिया में 18वें स्थान पर है और अपने भंडार के मामले में अरब देशों में सबसे ऊपर है। सोने और तांबे की खोज देश के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के विजन 2030 के लिए सहायक होगी।

आज का इतिहास 29 सितम्बर

1836 मद्रास वाणिज्य एवं उद्योग मंडल की स्थापना हुई.
1914 एस.एस कोमागाटामारू वैंकूवर से बजबज पहुंचा.
1942 अगस्त क्रांति के दौरान ध्वज वाहिका 72 वर्षीया श्रीमती मतांगिनी हाजरा शहीद हुई.
1957 पाकिस्तान में एक रेल दुर्घटना में तीन सौ से अधिक लोग मारे गए.
1959 आरती साहा ने इंग्लिश चैनल पार किया.
1965 सोवियत संघ ने उत्तर वियतनाम को हथियार देने की बात स्वीकार की.
1967 अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के बड़े पैमाने पर सुधार का प्रस्ताव रियोडी जेनेरो बैठक मे स्वीकार किया.
1971 सोवियत संघ ने चांद के रहस्यों की खोज के लिए लूना-19 का प्रक्षेपण किया.
1976 सीरियाई सैनिकों ने फलीस्तीनी छापामारों की पूर्वी बेरूत के महत्वपूर्ण ठिकानों से खदेड़ दिया.
1977 गंगाजल के बंटवारे के बारे में भारत और बांग्लादेश के बीच समझौता हुआ.
1988 संयुक्त राष्ट्र शांति सेना को नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की गई.
1991 वियतनाम युद्ध के बाद अमरीका और वियतनाम के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक हुई.
1997 भारतीय उपग्रह आईआरएस 1 का श्री हरिकोटा से सफल परीक्षण.
2001 श्रीनगर से लगभग 55 किमी.दूर सोपोर में एक होटल में आग लग जाने से 11 गैर कश्मीरी सहित 14 लोग जल मरे जबकि 16 अन्य घायल हो गए.
2005 जम्मू-कश्मीर में एक बस के खाई में गिरने से 44 यात्री मरे.

पेरू में पुरातत्वविदों को प्राचीन कब्रों की खुदाई में मिले सोने और चांदी के आभूषण

लीमा (ईएमएस)। दक्षिणी अमेरिकी देश पेरू में प्राचीन कब्रों ने खुदाई के दौरान सोने-चांदी के अमूल्य आभूषण उगले हैं। पुरातत्वविदों ने एक कब्रिस्तान की खुदाई के दौरान एक 1300 साल पुराने मकबरे की खोज की है। पुरातत्वविद उत्तरी लीमा में खुदाई कर रहे थे जब उन्हें वारी साम्राज्य का एक प्राचीन मकबरा मिला। इस मकबरे में एक प्राचीन कुलीन शख्स के अवशेष पाए गए हैं, जिसे 'लार्ड ऑफ हारमनी' कहा जाता था। मकबरे में छह अन्य लोगों के अवशेष भी मौजूद हैं जिनमें से कुछ को पहले कहीं और दफन किया गया था। अवशेषों में चार वयस्क, संभवतः दो नर और दो, और तीन किशोर शामिल हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वारसॉ के पुरातत्व विभाग ने इस खोज की जानकारी दी है। खबरों के मुताबिक मकबरे में सभी अवशेष सोने और चांदी के जेवरों साथ दफन पाए गए। जेवरों के अलावा कांसे के औजार, चाकू, कुल्हाड़ी, टोकरियां, बुने हुए कपड़े, टोकरी बनाने के लिए कच्चा माल और लकड़ी और चमड़े की वस्तुएं भी पाई गई हैं। पुरातत्वविदों का मानना है कि मकबरे में दफन किए गए लोग कुशल शिल्पकार थे और वारी कुलीन वर्ग के सदस्य थे। मिस्र के प्राचीन कब्रिस्तानों में पहले भी इस तरह के अवशेष पाए जा चुके हैं जिन्हें सोने और चांदी के आभूषणों के साथ दफन किया गया था। पोलैंड में यूनिवर्सिटी ऑफ वारसॉ के एक पुरातत्वविद् और प्रोजेक्ट को लीड करने वाले मिलोस गियर्ज.ने कहा कि हम शाही कब्रिस्तान के इस हिस्से को 'द गैलरी ऑफ एलीट क्राफ्ट्समेन' कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार हमें पुरुष वारी कुलीन की कब्रें मिली हैं जो बेहद अच्छे शिल्पकार और कलाकार भी थे। गियर्ज.की टीम ने, सबसे हाल में, फरवरी में लीमा के उत्तर में लगभग 250 किमी दूर स्थित अंकाश क्षेत्र में हुअर्मे टाउन के पास वारी कब्रिस्तान में एक मकबरे की खोज की थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह एक बड़े मकबरे से कुछ दूरी पर स्थित है जिसकी खोज गियर्ज. और उनकी पत्नी ने साल 2012 में की थी। इस बड़े मकबरे में तीन कुलीन महिलाओं के अवशेष पाए गए थे जिन्हें 'वारी क्वीन' कहा गया था। इन रानियों को 58 अन्य लोगों के साथ दफन किया गया था। इनमें से ज्यादातर महिलाएं कुलीन वर्ग से थीं लेकिन कुछ निम्न सामाजिक वर्गों से संबंध रखती थीं और ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी बलि दी गई थी।

ताइवान ने चीन के 12 विमानों और नौसैनिक जहाजों को किया ट्रैक

ताइपे (ईएमएस)। ताइवान में अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी के जाने के बाद से चीन की ताइवान क्षेत्र में हरकत तेज हो गई है। वह बार-बार अपने सिविलयन ड्रोन्स और सैन्य विमानों से लगातार घुसपैठ करने की कोशिश में लगा है। ताइवान ने भी पलटवार किया है कई बार चीन के ड्रोन को मार गिराया है लेकिन ये हरकत वह आये दिन तेज कर रहा है। एक बार फिर चीन के ड्रोन और नौसैनिक जहाजों को ताइवान द्वारा ट्रैक किया गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने ताइवान के आसपास और चार नौसैनिक जहाजों को ट्रैक किया है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 12 विमानों में से तीन शेनयांग जे-16 लड़ाकू विमानों ने ताइवान के हवाई क्षेत्र के दक्षिण-पश्चिम में उड़ान भरी लेकिन ताइवान जलडमरूमध्य में किसी भी चीनी विमान ने मध्य रेखा को पार नहीं किया। सूत्रों के मुताबिक ताइवान ने इसके जवाब में रेडियो चेतावनी जारी करने के अलावा, पीएलए विमान और जहाजों की निगरानी के लिए लड़ाकू गश्ती विमान, नौसैनिक जहाजों और भूमि-आधारित मिसाइल प्रणालियों का इस्तेमाल किया। बता दें कि बीजिंग ने इस महीने और अगस्त में हर दिन ताइवान के हवाई क्षेत्र में अपने विमान भेजे हैं।

समुद्री साइक्लोन इयान क्यूबा पहुंचा

- सरकार ने 50 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

हवाना (ईएमएस)। समुद्री साइक्लोन हरिकेन इयान ने मूसलाधार बारिश और तेज रफ्तार हवाओं के साथ क्यूबा के पश्चिम तट पर दस्तक दी। यह तूफान तेज गति के साथ उत्तर की ओर बढ़ रहा है। इयान वर्ग-3 का समुद्री चक्रवात है। वर्ग-3 का चक्रवात उसे कहते हैं, जिसमें हवाओं की गति कम से कम 205 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। यूएसएनएचसी ने बताया कि यह चक्रवात प्रचंड होता जा रहा है। अनुमान है कि जब यह चक्रवात फ्लोरिडा के तट पर पहुंचेगा, तब तक यह वर्ग-4 के चक्रवात में तब्दील हो चुका होगा। क्यूबा की सरकार ने इयान के पहुंचने से पहले ही मुख्य तंबाकू क्षेत्र पिनार डेल रियो प्रांत से 50 हजार से अधिक लोगों को हटा कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सरकार ने इस द्वीपीय देश में दर्जनों आश्रय स्थल तैयार किए हैं। यूएसएनएचसी ने कहा कि क्यूबा के पश्चिम तट पर इयान के कारण 14 फुट ऊंची लहरें दिखीं। यूएसएनएचसी के एक वरिष्ठ विशेषज्ञ ने कहा कि क्यूबा को पहले से आशंका थी कि प्रचंड चक्रवात और खतरनाक लहरों के साथ भारी बारिश होगी।

इयान के मैक्सिको की खाड़ी में पहुंचने पर और ताकतवर हो सकता है। जिसके कारण इसके फ्लोरिडा तट पर पहुंचने पर हवाओं की रफ्तार बढ़कर 225 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ह्यनासाह्न ने इयान की वजह से केनेडी स्पेस सेंटर से अपने ह्यमून रॉकेटह्न के प्रक्षेपण की दिशा में धीमी गति से आगे बढ़ने की योजना बनाई और कहा है कि परीक्षण उड़ान में हफ्तों की देरी होगी।

कनाडा में समुद्री तूफान फियोना के कारण क्षतिग्रस्त हुआ एक घर का किचन। (फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 29 sep 2022:Layout 1 9/28/2022 7:35 PM Page 5

गूगल पिक्सल टैबलेट अब ईवीटी फेज में

-लॉन्च से पहले ही जान लें सभी फीचर्स

नई दिल्ली (ईएमएस)। गूगल पिक्सल टैबलेट के स्पेसिफिकेशंस और फीचर्स से जुड़ी जानकारी लीक हुई है। डिवेलपर कूबा वोजसिचॉस्की की मानें तो गूगल पिक्सल टैबलेट अब ईवीटी (इंजीनियरिंग वैलिडेशन टेस्ट) फेज में पहुंच गया है। इस फेज में कंपनी प्रोटोटाइप तैयार करने के बाद किसी प्रोडक्ट की टेस्टिंग कर तय करती है कि वह अपने हार्डवेयर स्पेसिफिकेशंस के हिसाब से काम कर रहा है या नहीं। इस फेज के बाद सामने आईं खामियों को ठीक कर फाइनल डिवाइस का प्रोडक्शन शुरू किया जाता है। डिवेलपर ने बताया है कि गूगल ने अपने नए टैबलेट के कुछ यूनिट्स ईवीटी और सर्टिफिकेशन के लिए चीन के अलावा भारत भी भेजे हैं। यानी कि गूगल इसे

भारतीय मार्केट में भी लेकर आएगी। इस साल लॉन्च होने जा रही गूगल पिक्सल 7 सीरीज भी भारतीय मार्केट में बिक्री के लिए उपलब्ध होगी, जबकि पिछले गूगल फ्लैगशिप्स देश में नहीं लॉन्च किए गए थे। रिपोर्ट में पिक्सल टैबलेट के कुछ फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस भी सामने आए हैं। इस डिवाइस में गूगल 10.95 इंच का डिस्प्ले दे सकती है और यह दो स्टोरेज वेरियंट्स- 128जीबी और 256जीबी में लॉन्च हो सकता है। इस डिवाइस में वाईफाई 6 कनेक्टिविटी मिलने और फर्स्ट-पार्टी यूएसआई 2.0 स्टायलस सपोर्ट होने की बात सामने आई है। हालांकि, यह स्टायलस ग्राहकों को अलग से खरीदना पड़ सकता है। इस डिवाइस में कंपनी का इन-हाउस टेंसर चिपसेट मिल सकता है, जो अबी गूगल पिक्सल 6 सीरीज और गूगल पिक्सल 6A में दिया जा रहा है। नया टैबलेट मार्केट में आने में वक्त लगेगा, और इसे गूगल पिक्सल 7 सीरीज के साथ नहीं लॉन्च किया जाएगा। अन्य रिपोर्ट्स में कहा गया है कि गूगल पिक्सल टैबलेट एंड्रॉयड 13 के 64-बीट वर्जन के साथ आने वाला पहला डिवाइस हो सकता है। साथ ही इसके रियर पैनल पर डुअल कैमरा सेटअप मिल सकता है।

पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिका में मेक्सिको की खाड़ी में तूफान से तेल की आपूर्ति बाधित हुई है। साथ ही डॉलर के कमजोर होने से भी तेल को सहारा मिला है। ओपेक प्लस देशों की पांच अक्टूबर को बैठक होने वाली है जिसमें उत्पादन में कटौती का फैसला किया जा सकता है। इन कारणों से मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत में तेजी देखने को मिली। इस बीच भारत में बुधवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तो कच्चे तेल की कीमत में भारी उतारचढ़ाव आया है लेकिन अपने यहां करीब पांच महीने से पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन बीते सात अप्रैल से इसके दाम में कोई घट-बढ़ नहीं हुई है। 22 मई से सरकार ने पेट्रोल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी का फैसला किया। इससे दिल्ली में पेट्रोल का दाम घट कर 96.72 रुपए पर आ गया। पिछले साल सितंबर के बाद पेट्रोल के मुकाबले डीजल का बाजार ज्यादा तेज हुआ था।

दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर है। पटना में पेट्रोल 108.12 रुपए और डीजल 94.86 रुपए प्रति लीटर है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

केंद्र सरकार के कर्मचारियों का 4 फीसदी तक बढ़ सकता है महंगाई भत्ता

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता में इस बार 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। जल्द ही सरकार इस प्रस्ताव को मंजूरी दे सकती है। बढ़े हुए डीए को बीती 1 जुलाई 2022 से लागू किया जा सकता है। डीए में बढ़ोतरी के बाद कर्मियों के वेतन में 6840 से लेकर 27,312 रुपए के बीच तक वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक केंद्र सरकार केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए बढ़ाने को लेकर फैसला ले सकती है। इसके अलावा सरकार डीए बढ़ाने के साथ कोरोनाकाल में रोके गए 18

महीने के डीए एरियर देने पर भी फैसला कर सकती है। अगर ऐसा हुआ तो तो केंद्रीय कर्मचारियों को एकमुश्त 1.5 लाख रुपए तक मिल सकते हैं। केंद्रीय कर्मचारी करीब दो साल पहले रोके गए इस डीए के पैसों का काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) दिया जाता है, जबकि पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) दी जाती है। सरकार ने इस साल मार्च में डीए को संशोधित किया था, जो तब 3 प्रतिशत बढ़कर एक कर्मचारी के मूल वेतन का 34 प्रतिशत हो गया था। डीए में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई तो डीए मौजूदा 34 फीसदी से बढ़कर 38 फीसदी हो जाएगा। वर्तमान में सरकारी कर्मचारियों को उनके मूल वेतन पर 34 प्रतिशत डीए मिलता है। अगर 4 प्रतिशत की डीए वृद्धि लागू की जाती है, तो उन्हें उनके मूल वेतन के ऊपर 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलने वाला है।

देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 7.04 लाख करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली (ईएमएस)। वित्त वर्ष 2022-23 में प्रत्यक्ष कर संग्रह (डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन) के मोर्चे से अच्छी खबर आ रही है। मौजूदा वित्त वर्ष में अब तक देश का डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 7.04 लाख करोड़ रुपए रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में हुए कलेक्शन से 23 फीसदी ज्यादा है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने बताया कि कर संग्रहण में पिछले साल आई तेजी की रफ्तार मौजूदा वित्त वर्ष में भी बनी हुई है। सीबीडीटी अधिकारियों को पुरस्कृत करने के लिए आयोजित समारोह में गुप्ता ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में इनकम टैक्स और कॉरपोरेट टैक्स से कुल 14.09 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड टैक्स कलेक्शन हुआ था। इस वित्त वर्ष में अब तक डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 23 फीसदी बढ़कर 7.04 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। समारोह में वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने भी शामिल हुई थी। गुप्ता ने बताया कि 31 जुलाई तक ई-पोर्टल के जरिए 5.83 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। एक दिन में पोर्टल पर रिकॉर्ड 72 लाख रिटर्न दाखिल किए गए। आम टैक्स पेयर के लिए वित्त वर्ष 2021-22 में उनकी कमाई पर इनकम रिटर्न भरने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2022 थी। गुप्ता ने बताया कि इस वित्त वर्ष में अब तक 1.41 लाख करोड़ रुपए के आयकर रिफंड करदाताओं को जारी किए जा चुके हैं। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 83 फीसदी ज्यादा है।

वोडाफोन आइडिया का नेटवर्क नवंबर से हो सकता है बंद!

- 25.5 करोड़ ग्राहकों की बढ़ सकती है मुश्किल

नई दिल्ली (ईएमएस)। टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया पर भारी कर्ज हो गया है, जिसकी वजह से 25.5 करोड़ ग्राहकों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। नवंबर से कंपनी का नेटवर्क बंद हो सकता है। वोडाफोन आइडिया पर इंडस टावर्स का करीब 7,000 करोड़ रुपए का बकाया है।

इंडस टावर्स ने चेतावनी दी है कि अगर कंपनी ने जल्दी से उसके बकाये का भुगतान नहीं किया तो नवंबर से उसे टावर्स को एक्सेस नहीं दिया जाएगा। ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। टावर कंपनी इंडस टावर्स ने वोडाफोन आइडिया को पत्र लिखकर यह चेतावनी दी है। हाल ही में इंडस टावर्स के बोर्ड की मीटिंग हुई। इसमें कंपनी की वित्तीय स्थिति पर चर्चा हुई। इंडस टावर्स का वोडाफोन आइडिया पर करीब सात हजार करोड़ रुपए का बकाया है। रिलायंस जियो और एयरटेल के बाद वोडाफोन आइडिया देश की तीसरी बड़ी टेलिकॉम कंपनी है। एयरटेल और रिलायंस जियो दिवाली पर 5जी सर्विस लॉन्च करने की तैयारी में हैं लेकिन वोडाफोन आइडिया ने अब तक ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। इसकी वजह यह है कि कंपनी को 5जी इक्विपमेंट सप्लाई करने वाली कंपनियों और टावर कंपनियों के साथ डील फाइनल करने में दिक्कत हो रही है। सूत्रों के मुताबिक ये कंपनियां वोडाफोन आइडिया से पिछला बकाया क्लीयर करने और नए कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए एडवांस पेमेंट्स मांग रही हैं। इन कंपनियों का वोडाफोन आइडिया पर 13,000 करोड़ रुपए का बकाया है। फिनलैंड की कंपनी नोकिया का 3,000 करोड़ रुपया और स्वीडन की कंपनी एरिक्सन का 1,000 करोड़ रुपए बकाया है। वोडाफोन आइडिया ब्रिटेन की कंपनी वोडाफोन ग्रुप पीएलसी और आदित्य बिड़ला ग्रुप की जॉइंट वेंचर है।

कंपनी पर टावर कंपनी इंडस टावर्स का 7,000 करोड़ रुपए और अमेरिकन टावर कंपनी का 2,000 करोड़ रुपए का बकाया है। वोडाफोन आइडिया को कई तिमाहियों से घाटा हो रहा है। यही कारण है कि कंपनी की 5जी सर्विस लॉन्च करने में देरी हो रही है।

राइवल फिस्कर कंपनी लॉन्च करेगी इलेक्ट्रिक एसयूवी

-अमेरिकी कंपनी है राइवल फिस्कर

नई दिल्ली (ईएमएस)। जानीमानी कंपनी टेस्ला की फिलहाल भारत में एंट्री होती नहीं दिख रही है। वहीं अमेरिकी राइवल फिस्कर ने भारत में अपने आगाज का बिगुल फूंक दिया है। सीईओ हेनरिक फिस्कर ने नई दिल्ली में कहा कि कंपनी अगले साल जुलाई में एसयूवी ओसियन बेचना शुरू कर देगी। साथ ही अगले कुछ सालों में कंपनी कारें यहां मैन्युफैक्चर करना भी शुरू कर देगी। हेनरिक ने कहा कि भारत में 2025-26 तक इलेक्ट्रिक कारों की मार्केट में उछाल आएगा और कंपनी पहले कदम उठाकर इसका फायदा उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आखिर में भारत पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कारों पर निर्भर हो जाएगा। बकौल फिस्कर, ह्लभले ही ये अमेरिकी, चीन और यूरोप जितनी तेजी से न हो लेकिन हम चाहते हैं कि यहां आने वाले हम पहले हों। ओसियन इस कंपनी की फ्लेगशिप एसयूवी है जो अमेरिका में पहले ही लॉन्च हो चुकी है। ओसियन एक्सट्रीम एसयूवी एक बार फुल चार्ज होने पर 563

किलोमीटर का सफर तय कर सकती है। वहीं, ओसियन अल्ट्रा 547 किलोमीटर की दूरी तय करती है। टेस्ला की मॉडल वाई 531 किलोमीटर का सफर तय करती है।

ओसियन एसयूवी में निकल और आयरन बेस्ड बेटरी हैं। इसमें ऑल व्हील ड्राइव एक स्टैंडर्ड फीचर है जो सभी मॉडल्स में मिलेगा। ओसियन एक्सट्रीम में एक सोलर सनरूफ भी है जो दावे के अनुसार, कार को एक साल में 3218 किलोमीटर चला सकती है। फिस्कर का यह दावा भी है कि उनकी एसयूवी आपातकालीन स्थिति में घर को भी इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कर सकती है। फिस्कर की कार अमेरिका में 37,500 डॉलर के करीब रिटेल मार्केट में मिलती है। जो भारतीय रुपये में करीब 30.5 लाख रुपये है। हालांकि, कार को भारत लाने पर माल ढुलाई और 100 फीसदी आयात शुल्क लगेगा जो इसे और महंगा कर देगा और ये मध्यमवर्गीय भारतीय परिवार की पहुंच से बाहर हो जाएगी। फिस्कर ने कहा है कि अगर आपको भारत में कार बेचनी है तो आपको उसे यहीं बनाना होगा वरना कम-से-कम उसकी कुछ असेंबली यहां करनी होगी। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी भारत में कार की कीमत 20,000 डॉलर से नीचे लाने में सफल होती है तो जरूर उन्हें सफलता मिलेगी।

सोना दो साल में सबसे सस्ता, चांदी भी टूटी

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक संकेतों की वजह से बुधवार को भारतीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में दबाव देखा जा रहा है। वैश्विक बाजार लगातार तीसरे दिन इन दोनों ही कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव शरूआती कारोबार में 0.24 फीसदी गिर गया है। चांदी का भाव भी 0.73 फीसदी टूट गया है। सोने के भाव अब दो साल के निचले स्तर पर चल रहे हैं। बुधवार को एमसीएक्स पर 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव सुबह के समय 116 रुपए टूटकर 49,203 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। एमसीएक्स पर सोने में कारोबार 49,160 रुपए के स्तर से शुरू हुआ। कुछ समय बाद भाव 49,241 रुपए के स्तर पर पहुंच गया। बाद में यह थोड़ा गिरकर 49,203 रुपए पर कारोबार करने लगा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी 406 रुपए टूटकर रुपए 54,973 प्रति किलो हो गई। चांदी में सुबह कारोबार 55,200 रुपए से शुरू हुआ था। कुछ देर बाद भाव गिरकर 54,835 रुपए हो गया। इसके बाद चांदी का भाव थोड़ा संभला और यह 54,973 पर कारोबार करने लगा।

कावासाकी ने लॉन्च की रेट्रो स्टाइल डब्ल्यू 175

-इस सस्ती बाइक की बुकिंग हो चुकी है शुरू

नई दिल्ली (ईएमएस)। लंबे समय से कंपनी कावासाकी की जिस मोटरसाइकिल का ग्राहकों को इंतजार था आखिर उसे लॉन्च कर दिया गया है और इसकी अब बुकिंग भी शुरू हो गई है। कावासाकी डब्ल्यू 175 को लॉन्च करने के साथ ही कंपनी ने इंडियन टू व्हीलर मार्केट में अपनी सबसे सस्ती बाइक उतार दी है। इससे पहले कावासाकी निंजा 300 कंपनी की सबसे सस्ती बाइक भारतीय बाजार में थी रेट्रो स्टाइल में लॉन्च हुई इस बाइक का डिजाइन कावासाकी डब्ल्यू 800 के प्लेटफॉर्म पर ही बनाया गया है। इस बाइक में कंपनी ने ओल्ड स्टाइल राउंड हैडलैंप और बॉक्सी पैनल दिया है। साथ ही पुराने डिजाइन का सिंपल एनॉलॉग डिस्प्ले के साथ 6 टेल लैंप इसे दूसरी बाइक्स से हट कर बनाते हैं। 6 टेल लाइट के तौर पर इसमें लो और हाई बीम, टर्न इंडिकेटर और वॉर्निंग लाइट्स हैं।इसके स्टैंडर्ड ब्लैक मॉडल की कीमत 1.47 लाख रुपये है और स्पेश एडिशन की कीमत 1.49 रुपये रखी गई है। बाइक में फ्रंट डिस्क ब्रेक और रियर में ड्रम ब्रेक दिया गया है। बाइक की खासियत इसका ट्यूबुलर सेमी क्रैडल फ्रेम है। वहीं बाइक में टेलिस्कॉपिक फॉर्क और ट्विन शॉक अब्सॉर्बर्स हैं। कावासाकी डब्ल्यू 175 में डबल सिटिंग सिंगल पीस सीट है जो इसको पूरी तरह से रेट्रो लुक देने में हेल्प करती है। कावासाकी डब्ल्यू 175 में 177 सीसी का एयर कूल्ड सिंगल सिलेंडर इंजन है। साथ ही 5 स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है। ये इंजन फ्यूल इंजेक्शन टेक्नोलॉजी के साथ ही बीएस6 नॉर्म्स को पूरा करता है।

इंडियन ऑयल ने तैयार किया सौर ऊर्जा से चलने वाला स्टोव

-सोलर स्टोव की कीमत है 12,000 रुपये से शुरू

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकारी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने एक अनोखा स्टोव तैयार किया है, जो सौर ऊर्जा से चलता है। आप इस घर लाकर महंगे रसोई गैस से निजात पा सकते हैं।अब सोलर से आप सोच रहे होंगे कि स्टोव को धूप में रखने को जरूरत पड़ेगी। तो ऐसा नहीं है। आप स्टोव को किचन में या कहीं भी रखकर अपनी सुविधा के अनुसार इस्तेमाल कर सकते हैं। इंडियन ऑयल ने इस सोलर पावर्ड स्टोव को सूर्य नूतन नाम दिया है। हाल ही में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और हरदीप सिंह पुरी ने सूर्य नूतन स्टोव की जांच-परख की थी। एक सरकारी बयान में बताया गया था कि केंद्रीय मंत्रियों ने इंडियन ऑयल के इस इनोवेशन की सराहना की है। अगर सूर्य नूतन सोलर स्टोव की खासियत की बात करें, तो इसे एक ही जगह पर स्थाई तरीके से लगाया जा सकता है। जैसे आप अपने किचन में गैस स्टोव लगाया है, वैसे ही इसे भी फिट कर सकते हैं। यह एक रिचार्जेबल और इनडोर सोलर कुकिंग सिस्टम है। इसे इंडियन ऑयल के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, फरीदाबाद ने डिजाइन व डेवलप किया है। इंडियन ऑयल ने इसका पेटेंट भी कराया है।सूर्य नूतन सोलर स्टोव के दो यूनिट हैं।

एक स्टोव है, जिसे आप किचन में लगा सकते हैं। दूसरा यूनिट धूप में रहता है और वह चार्ज करते समय ऑनलाइन कुकिंग मोड प्रदान करता है। इसके अलावा चार्ज हो जाने के बाद भी इसे इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तरह 'सूर्य नूतन' सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक इस्तेमाल सुनिश्चित करता है। यह स्टोव हाइब्रिड मोड पर भी काम करता है। इसका मतलब ये है कि इस चूल्हे में सौर ऊर्जा के अलावा बिजली के अन्य स्रोतों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।सूर्य नूतन का इन्सुलेशन डिजाइन ऐसा है, जो विकिरण और धूप की गर्मी के नुकसान को कम करता है। सूर्य नूतन तीन अलग-अलग मॉडलों में उपलब्ध है। इस सोलर स्टोव के प्रीमियम मॉडल पर चार लोगों के परिवार के लिए पूरा भोजन (नाश्ता + दोपहर का भोजन + रात का खाना) आराम से तैयार हो सकता है। इस सोलर स्टोव की कीमत 12,000 रुपये शुरू होती है। इसके बेस मॉडल का दाम लगभग 12,000 रुपये और टॉप मॉडल की कीमत 23,000 रुपये है। हालांकि, इंडियन ऑयल का कहना है कि आने वाले समय इसकी कीमतों में काफी कम हो सकती हैं। कंपनी ने हाल ही में बाजार में अपना सोलर स्टोव लॉन्च किया है, जिसे घर लाकर आप भी गैस की बढ़ती कीमतों के टेंशन से छुटकारा पा सकते हैं। बता दें कि रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी के बजट को काफी हद तक प्रभावित किया है। इस वजह से आम लोगों को अपनी जरूरत की अन्य चीजों में कटौती करनी पड़ रही है। लेकिन एक चीज लोगों को महंगी रसोई गैस से निजात दिला सकती है और वो है सोलर स्टोव।

दैनिक पंचांग

29 सितम्बर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	तुला	07.14 बजे से
चंद्र	तुला में	वृश्चिक	09.29 ब.से
मंगल	वृष में	धनु	11.45 बजे से
बुध	कन्या में	मकर	13.50 बजे से
गुरु	मीन में	कुंभ	15.37 बजे से
शुक्र	कन्या में	मीन	17.10 बजे से
शनि	मकर में	मेष	18.40 बजे से
राहु	मेष में	वृष	20.20 बजे से
केतु	तुला में	मिथुन	22.18 बजे से
		कर्क	00.32 बजे से
		सिंह	02.48 बजे से
		कन्या	05.00 बजे से

राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक

गुरुवार 2022 वर्ष का 272 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्थी 00.09 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** स्वाती 05.52 बजे तदनन्तर विशाखा 05.13 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 00.55 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 12.51 बजे तदनन्तर विष्टि 00.09 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 03.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 19' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871386 **जूलियन दिन** 2459851.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2548 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 02 **विशेष** वरद चतुर्थी।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
शुभ	05.54	से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40	से	07.11 बजे तक
रोग	07.22	से	08.51 बजे तक	चर	07.11	से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51	से	10.19 बजे तक	रोग	08.43	से	10.15 बजे तक
चर	10.19	से	11.47 बजे तक	काल	10.15	से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47	से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47	से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15	से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19	से	02.51 बजे तक
काल	02.43	से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51	से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11	से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23	से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

आज का राशिफल

शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, अश्वनि शुक्ल पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे शुक्रास्त पूर्वे, भद्रा दो.1/20 विनायकी चौथ व्रत, सूती स्नान, तिथि चतुर्थी, गुरुवासरे, चित्रा नक्षत्रें, एह/वै/ योगे, तैतिल करणे, तुला की चंद्रमा, पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ होवेगी।

आज जन्म लिए बालक का फल..... .

आज जन्म लिया बालक योग्य, चतुर, होशियार, शिक्षक, शिक्षविद्, शिक्षाशास्त्री, उत्तम बुद्धि वाला, योगी-भोगी, धनी होगा।

मेष राशि - दूर की यात्रा सफलता पूर्वक होगी, शत्रु पक्ष कमजोर होगा, कार्य में अवरोध होगा, धैर्य रखें।

वृष राशि - अच्छे गुणों की हानि होगी, स्त्री-संतान के कार्यों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, सावधान रहें।

मिथुन राशि - आर्थिक कमी के कारण क्लेश होगा, संतान पक्ष से कष्ट होगा, समय ध्यान में रखकर आगे बढ़ें।

कर्क राशि - प्रिय से भेंट-मिलाप होगा, स्थिति में सुधार होगा, साधनों की प्राप्ति होगी, कार्य पर विशेष ध्यान दें।

सिंह राशि - संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें, कार्य में प्रगति होगी, रुके कार्य बनेंगे, आलस्य से हानि होगी।

कन्या राशि - नौकरी के कार्यों में सफलता मिलेगी, परिश्रम से लाभ होगा, कार्य को समय पर पूरा करें।

तुला राशि - यात्रा से अवसर मिलेगा, विचारों का आदान-प्रदान होगा, वरिष्ठ जनों से मेल-मुलाकात होगी।

वृश्चिक राशि - स्वजनों का साथ मिलेगा, प्रयत्न से धन की प्राप्ति होगी, आलस्य से हानि, कार्य पर ध्यान दें।

धनु राशि - साहसिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी, पत्नी व संतान के दायित्वों की पूर्ति होगी, समय का लाभ लें।

मकर राशि - व्यवसाय में परिवर्तन नहीं होगा, कार्य में बाधा बनेगी, व्यापार में ध्यान देने से लाभ होगा।

कुंभ राशि - उद्योग में बाधायें आयेंगी किन्तु यात्रा अवश्य करें, रुके कार्य पूर्ण करने का प्रयास अवश्य करें।

मीन राशि - अध्ययन में रुचि बढ़ेगी, बाधा बनेगी, कार्य की अधिकता रहेगी, श्रम से लाभ होगा।

DELHI CRIME 29 sep 2022:Layout 1 9/28/2022 7:35 PM Page 6

मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज फुटबॉलर वेस ब्राउन और मिकेल सिल्वेस्ट्रे आएंगे भारत, कोलकाता में फैन इवेंट में लेंगे हिस्सा

कोलकाता, (हि.स.)। मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज फुटबॉलर वेस ब्राउन और मिकेल सिल्वेस्ट्रे 16 अक्टूबर को कोलकाता आएंगे। मैनचेस्टर यूनाइटेड के अंतरराष्ट्रीय फैन इवेंट #आईलवयूनाइटेड का आयोजन रविवार 16 अक्टूबर को कोलकाता में होगा, जिसमें ये दोनों दिग्गज शिरकत करेंगे। इस फैन इवेंट का समापन कोलकाता के बिग लॉन निक्को पार्क में 16:00 बजे से लाइव मैच की स्क्रीनिंग के साथ होगा जिसमें ब्राउन और सिल्वेस्टर पूरे दिन प्रशंसकों से मिलेंगे। ब्राउन और सिल्वेस्ट्रे दोनों ने यूनाइटेड में शानदार करियर का आनंद ले चुके हैं, प्रत्येक ने पांच प्रीमियर लीग खिताब जीते और यूरोप की बड़ी फुटबॉल लीग में से एक यूईएफए चैंपियंस लीग भी जीत चुके हैं और रिटायर होने से पहले वह भारत में क्रमशः केरल



ब्लास्टर्स और चेन्नईयिन के साथ भी खेल चुके हैं। आईलवयूनाइटेड में भाग लेने वाले प्रशंसक, मैनचेस्टर यूनाइटेड के चैनलों पर विश्व स्तर पर प्रसारित न्यूकैसल यूनाइटेड के खिलाफ प्रीमियर लीग मैच के एमयूटीवी के मैचडे लाइव कवरेज में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे। मैनचेस्टर यूनाइटेड के सीईओ, अलायंस एंड पार्टनरशिप, विक्टोरिया टिम्पसन ने कहा, हम भारतीय प्रशंसकों से मिलना पसंद करते हैं, पिछले साल फरवरी में नियोजित #आईलवयूनाइटेड कार्यक्रम को महामारी के कारण स्थगित करना काफी निराशाजनक था। लेकिन इससे हमें भारत में अपने प्रशंसकों से पूछ कर भारत में #आईलवयूनाइटेड के लिए अगला मेजबान शहर तय करने का मौका प्राप्त हुआ जिसमें हम उन्हें दिखा पाए कि हम उनके समर्थन और इनपुट को कितना महत्व देते हैं।" उन्होंने कहा, "हमने कई वर्षों तक कोलकाता में शानदार समर्थन का आनंद लिया है और शहर में एक लाइव फैन इवेंट के उत्साह को वापस लाने के लिए तत्पर हैं और हजारों उत्साही प्रशंसकों के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड मैच के अनुभव को साझा करेंगे।"

वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, वार्नर, स्टोइनिस, स्टार्क और मार्श की वापसी

मेलबर्न, (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में डेविड वार्नर, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्टार्क और मिशेल मार्श की वापसी हुई है। दोनों टी20 मैच 5 अक्टूबर और 7 अक्टूबर को खेले जाएंगे। श्रृंखला ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी और वे विश्व कप से पहले अपनी हर कमजोरियों को सुधारना चाहेंगे, खासकर हाल ही में भारत से 2-1 से श्रृंखला हारने के बाद। युवा ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को भी भारत के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ उन्होंने तीन मैचों में 118 रन बनाए थे, जिसमें दो तेज अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि उन्हें अभी भी टी20 विश्व कप के लिए 15-खिलाड़ियों की टीम में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन लगातार प्रदर्शन से ग्रीन को वहां अपनी जगह बनाने में मदद मिल सकती है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन और स्पिनर एश्टन एगर को आराम दिया गया है जबकि एरोन फिंच टीम की अगुवाई करते रहेंगे। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि श्रृंखला घर

में विश्व कप से पहले कुछ महत्वपूर्ण मैच अभ्यास प्रदान करेगी। ऑस्ट्रेलिया 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने आईसीसी टी-20 विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा। उन्हें ग्रुप वन में अफगानिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है।

वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम: एरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, डेनियल सैम्स, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

ऑस्ट्रेलिया की टी 20 विश्व कप टीम: एश्टन एगर, पैट कमिंस (उपकप्तान), टिम डेविड, एरोन फिंच (कप्तान), जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

उमेश यादव, श्रेयस अय्यर और शाहबाज अहमद भारतीय टीम में शामिल

मुंबई, (हि.स.)। हरफनमौला खिलाड़ी दीपक हुड्डा पीठ की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी श्रृंखला से बाहर बाहर हो गए हैं। हुड्डा इलाज के लिए चिकित्सकों की निगरानी में एनसीए में हैं। हार्दिक पांड्या और भुवनेश्वर कुमार ने भी कंडीशनिंग से संबंधित काम के लिए एनसीए को रिपोर्ट किया है, जबकि अर्शदीप सिंह तिरुवनंतपुरम में भारतीय टीम के साथ जुड़ गए हैं। मोहम्मद शमी अभी तक कोविड-19 से पूरी तरह से उबर नहीं सके हैं और वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन

समिति ने उमेश यादव को शमी के स्थान पर और श्रेयस अय्यर को हुड्डा के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में शामिल किया है। शाहबाज अहमद को भी टी20 टीम में शामिल किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर, शाहबाज अहमद।

बचे हुए मैचों में भी बटलर के बिना ही उतरेगी इंग्लैंड

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड को पाकिस्तान के खिलाफ 5वें टी20 मुकाबले में भी कप्तान जॉस बटलर के बिना ही उतरना होगा। इसके अलावा वह बचे हुए मैचों में भी शायद ही खेलें। इंग्लैंड टीम के मुख्य कोच मैथ्यू मोट ने कहा है कि अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप 2022 को देखते हुए वह बटलर को पूरी तरह से ठीक होने का समय देना चाहते हैं। बटलर इस समय कॉल्फ इंजरी से पीड़ित हैं। उन्हें यह चोट इंग्लैंड में घरेलू क्रिकेट खेलते के दौरान लगी थी। बटलर की जगह इस सीरीज में टीम की कप्तानी मोईन अली के पास है। सीरीज से पहले माना जा रहा था कि बटलर अंतिम दो मुकाबले खेलेंगे पर अब ऐसा नहीं लगता है। ओपनर जॉनी बेयरस्टो पहले ही चोटिल होने के कारण टी20 विश्वकप से बाहर हैं, ऐसे में अब कोच बटलर को लेकर कोई खतरा मौल नहीं लेना चाहते हैं। बेयरस्टो के नहीं होने पर बटलर पर जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। अब वह इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमान संभालेंगे। बटलर ने गत वर्ष हुए आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 में भी शानदार प्रदर्शन किया था। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पिछली बार चौथे स्थान पर थे। इस साल आईपीएल में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।

राष्ट्रीय खेलः हरियाणा और बिहार रग्बी 7एस खिताब के दावेदार

अहमदाबाद, (हि.स.)। यह देखते हुए कि भारत में रग्बी ने हाल के समय में कुछ बड़ी उन्नति की है, राष्ट्रीय खेलों की रग्बी 7एस प्रतियोगिता पर सभी की निगाहें होंगी। पुरुषों में हरियाणा दावेदार होगा जबकि महिलाओं में बिहार पसंदीदा है, क्योंकि क्योंकि वे कुछ महीने पहले बिहार में आयोजित रग्बी 7एस सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में अपने-अपने वर्ग के विजेता थे। लेकिन होड़ में मौजूद अन्य टीमें वास्तव में आसान शिकार नहीं होंगी। प्रतियोगिता प्रबंधक और पूर्व भारतीय राष्ट्रीय रग्बी कप्तान नासिर हुसैन ने कहा, यह बहुत-बहुत प्रतिस्पर्धी होने जा रहा है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रग्बी के स्तर में काफी सुधार हुआ है। रग्बी 7एस एक ऐसा खेल है कि किसी भी दिन कोई भी टीम दूसरों को चौंका सकती है, इसलिए हम एक रोमांचक प्रतिस्पर्धा में हैं। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा और दिल्ली जैसी टीमों के खेल पर भी

नजरें रहेंगी। पुरुष वर्ग के पूल ए में हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र और सर्विसेज को रखा गया है जबकि दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा को पूल बी में शामिल किया गया है। महिला वर्ग में बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र व दिल्ली (पूल ए) और पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, ओडिशा व केरल (पूल बी) शामिल होंगे। नासिर ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि नेशनल गेम्स सात साल बाद वापस आ गए हैं और यह हमारे लिए यहां मौजूद होना एक बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि 2007 में गुवाहाटी वापसी के बाद रग्बी लंबे समय से राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा रहा है। महिलाओं के मैचों को इस तथ्य के मद्देनजर उत्सुकता से देखा जाएगा कि भारतीय महिला रग्बी टीम ने पिछले महीने जकार्ता में एशिया रग्बी 7एस ट्रॉफी में जबरदस्त प्रदर्शन करने के बाद रजत जीता था। उसे केवल एकमात्र हार फाइनल में सिंगापुर से मिली थी।

ईरानी कप 2022 के लिए शेष भारत की टीम घोषित, हनुमा विहारी होंगे कप्तान

नई दिल्ली, (हि.स.)। अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने मास्टरकार्ड ईरानी कप 2022 के लिए शेष भारत (आरओआई) टीम की घोषणा कर दी है। ईरानी कप 1-5 अक्टूबर, 2022 तक सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, राजकोट में शेष भारत और 2019-20 रणजी ट्रॉफी चैंपियंस सौराष्ट्र के बीच खेला जाएगा। शेष भारत टीम का नेतृत्व हनुमा विहारी करेंगे। टीम में मयंक अग्रवाल और

उमरान मलिक को भी शामिल किया गया है। बता दें कि प्रतिष्ठित ईरानी कप टूर्नामेंट का आयोजन तीन साल बाद किया जा रहा है। इससे पहले इस प्रतियोगिता को कोविड महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था।

शेष भारत की टीम इस प्रकार है- हनुमा विहारी (कप्तान), मयंक अग्रवाल, प्रियांक पांचाल, अभिमन्यु ईश्वरन, यश धुल, सरफराज खान, यशस्वी जायसवाल, केएस भरत, उपेंद्र यादव, जयंत यादव, सौरभ कुमार, आर साई किशोर, मुकेश कुमार, उमरान मलिक, कुलदीप सेन, अर्जन नागवासवाला।

भारत के खिलाफ श्रृंखला मजबूत और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद : टेम्बा बावुमा

तिरुवनंतपुरम, (हि.स.)। तिरुवनंतपुरम में भारत के खिलाफ पहले टी 20 मैच से पहले, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि वह श्रृंखला के मजबूत और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद कर रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला आज से तिरुवनंतपुरम में शुरू होगी, इसके बाद 2 अक्टूबर और 4 अक्टूबर को दो और मैच खेले जाएंगे। इसके बाद, 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक, दोनों टीमों के बीच तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। बावुमा ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह एक अच्छी श्रृंखला होगी, प्रतिस्पर्धी होगी। पिछली बार जब हम यहां थे, तो खेल के सभी विभागों में हमारी परीक्षा हुई और चुनौती दी गई और मुझे लगता है कि हमने इसका काफी अच्छा जवाब दिया। इसलिए मैं एक अच्छी, मजबूत और प्रतिस्पर्धी श्रृंखला की उम्मीद करता हूं।" कप्तान ने कहा कि आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 से पहले यह उनकी आखिरी सीरीज होगी और टीम जो भी कमी है, उसे भरने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो काफी क्रिकेट खेल रहे हैं और मुझे लगता है कि हम उनकी तीव्रता को संभाल लेंगे। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्हें अपने बेल्ट के तहत

कुछ क्रिकेट की जरूरत है। उन लोगों को कुछ खेल का समय देना होगा क्योंकि यह हमारी आखिरी तैयारी है।" मेजबान भारत की ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से श्रृंखला जीतने के बाद, बावुमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम मजबूत चुनौती पेश करेगी। विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप 2 में बांग्लादेश, पाकिस्तान, भारत और दो क्वालीफाइंग टीमों के साथ रखा गया है जो पहले दौर के बाद सुपर 12 चरण में आगे बढ़ेंगी।

आईसीसी टी-20 विश्व कप और भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है- टेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, वेन पार्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, रिले रोसौव, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

रिजर्व खिलाड़ी - ब्योर्न फोर्टुइन, मार्को जेन्सन और एंडिले फेहलुकवायो।

पीसीबी खिलाड़ियों का समर्थन करे : यूनुस

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज रहे यूनुस खान ने कहा है कि सीरीज के बीच में बदलाव करने की जगह खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहिये। यूनुस ने कहा कि इंग्लैंड से मिली हार के बाद भी पीसीसी को टीम बदलने की जगह खिलाड़ियों का साथ देना चाहिये। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि हमारे पास यही खिलाड़ी हैं और हमें इन्हीं के साथ खेलना चाहिए हम कहीं और से खिलाड़ियों को नहीं ला सकते। हमारे कोच, कप्तान और पीसीबी को इन्ही खिलाड़ियों का उपयोग करना चाहिए। इंग्लैंड

के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज में पाकिस्तान 4 मैचों में 2 जीत के साथ बराबरी पर है। टीम ने चौथा टी20 मात्र 3 रन से जीता। इस सीरीज के बाद पाकिस्तान को अगले माह होने वाले टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है।

पेरिस में अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में खेलते हुए ब्राजीली और टयूनीशियाई खिलाड़ी। (फोटो-ईएमएस)

जयवर्धने और जहीर को मुंबई इंडियंस में अहम पद मिले

नई दिल्ली (ईएमएस)। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने और भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान अब मुंबई इंडियंस की ओर से अहम भूमिका निभाएंगे। मुंबई के पास अब आईपीएल के अलावा दो अन्य टीमें एमआई केप टाउन और एमआई अमीरात भी हैं। ऐसे में फ्रेंचाइजी ने जयवर्धने को ग्लोबल हेड ऑफ परफॉर्मेंस और जहीर को ग्लोबल हेड ऑफ क्रिकेट डेवलपमेंट के पद पर नियुक्त किया है। रो के पास अब नई भूमिका में खिलाड़ियों के विकास की जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को भी परखने का अवसर रहेगा। जहीर अन्य दोनों टीमों के लिए भी यही भूमिका अदा करेंगे। वहीं जयवर्धने के पास रणनीति से लेकर हाई परफॉर्मेंस इको-सिस्टम बनाने तक की जिम्मेदारी रहेगी।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए उपकप्तान बन सकते हैं सैमसन

मुम्बई (ईएमएस)। भारत ए टीम की कप्तानी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6 अक्टूबर से होने वाली एक-दिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया जा सकता है। इस टीम की कप्तानी शिखर धवन को मिलने की संभावना है। सैमसन को अगले माह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। जिसके बाद से ही चयन समिति के फैसले पर सवाल उठने लगे थे। सैमसन का लिस्ट-ए क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने अब तक 103 पारियों में 31 की औसत से 2806 रन बनाये हैं। जिसमें एक शतक और 15 अर्धशतक लगाया है। वहीं नाबाद 212 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी

खेली है। उनका स्ट्राइक रेट 90 का है। उन्होंन टीम इंडिया की ओर से अब तक एकदिवसीय की 6 पारियों में 44 की औसत से 176 रन बनाये हैं जिसमें एक अर्धशतक भी शामिल है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय टीम में ग्रप्र के बल्लेबाज रजत पाटीदार , शुभमन गिल, उमरान मलिक और राहुल त्रिपाठी को भी अवसर मिल सकता है। रजत ने आईपीएल 2022 में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा था। इसके बाद उन्होंने रणजी में भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। इसके बाद. दलीप ट्रॉफी में भी उनकी बल्लेबाजी की धूम रही। उन्होंने लिस्ट-ए की 44 पारियों में 35 की औसत से 1462 रन बनाए हैं। जिसमें 3 शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं।

DELHI CRIME 29 sep 2022:Layout 1 9/28/2022 7:35 PM Page 7

चंडीगढ़ हवाई अड्डा हुआ अब शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

-केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया नाम पट्टिका का अनावरण
-हरियाणा के डिप्टी सीएम व पंजाब के सीएम के प्रयासों से खत्म हुआ विवाद

चंडीगढ़, (हि.स.)। चंडीगढ़ का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अब शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कहलाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को पंजाब व हरियाणा के राज्यपालों की मौजूदगी में नए नाम की पट्टिका का अनावरण किया। बुधवार को शहीद भगत सिंह के 115वें जन्म दिवस के अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण चंडीगढ़ पहुंचीं। उनके साथ सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्यवन राज्य मंत्री जनरल (रि) वीके सिंह भी थे। इसके अलावा पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज तथा चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर मौजूद थीं। इस अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने का फैसला करके न केवल भगत सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि दी है बल्कि युवाओं को शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया है। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ चल रही है। हवाई अड्डे के विस्तार तथा यहां जनता के कल्याण के मद्देनजर किए जाने वाले बदलावों में हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ को पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ से लंदन और शिकागो समेत कई देशों और शहरों के लिए फ्लाइट शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कनाडा, आस्ट्रेलिया, जर्मनी समेत कई देश ऐसे हैं, जहां मिनी पंजाब बस चुका है। केंद्र सरकार अगर चंडीगढ़ से सीधी विमान सेवा शुरू करेगी तो न केवल सरकार को लाभ होगा बल्कि पंजाब के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सुझाव रखा कि हरियाणा व पंजाब मिलकर यहां शहीद भगत सिंह की विशाल प्रतिमा स्थापित करें। चौटाला ने इस मामले में केंद्र सरकार से भी सहयोग की अपील की।

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में किया था ऐलान - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितंबर को अपने 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के नाम पर रखे जाने की घोषणा की थी। इससे पहले पंजाब व हरियाणा में हवाई अड्डे के नाम को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा था। अगस्त माह के दौरान हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच हुई बैठक के बाद हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने को लेकर सहमति बनी थी।

विहिप ने केंद्र सरकार द्वारा पीएफआई पर बैन का किया स्वागत

नई दिल्ली, (हि.स.)। केंद्र सरकार द्वारा पीएफआई पर बैन का विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने स्वागत किया है। बुधवार को जानकारी देते हुए विहिप ने बताया कि पीएफआई भारत विरोधी विभिन्न रूप से गतिविधियों में संलिप्त कई जिहादी संगठनों को आर्थिक सहायता प्रदान करता है। छानबीन करने पर ऐसा पाया गया की पीएफआई कई वर्षों से भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त आतंकी संगठनों को भारत में आतंक फैलाने एवं अन्य गतिविधियों को चलाने के लिए उन संगठनों को आर्थिक सहायता मुहैया कराती थी। यह काम कई वर्षों से चलता आ रहा था। जिसके कारण से भारत में आतंकी संगठनों ने हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया तथा पिछले कई वर्षों से भारत में बहुत ज्यादा जान माल का नुकसान हुआ एवं देश का माहौल बिगड़ गया। ऐसी आशंका की जा रही थी कि यह संगठन पूरे देश में संदिग्ध गतिविधियां चला रहा है। इसका संज्ञान कई बार लिया गया परंतु कोई ठोस कार्यवाही ना होने के कारण पीएफआई अपना काम निरंतर करता रहा था। 30 जुलाई 2022 को दोपहर 2.30 बजे अंबेडकर भवन रानी झांसी रोड, करोल बाग में पीएफआई के द्वारा भारत विरोधी कार्यक्रम आयोजित किया जाना था, जिसमें 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर पीएफआई द्वारा पूरे देश में वातावरण को खराब करने का कार्यक्रम बनाया जा रहा था जिससे देश की अखंडता पर आंच आने का खतरा बढ़ गया था विहिप के दिल्ली प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता द्वारा 29 जुलाई 2022 को दिल्ली पुलिस आयुक्त, दिल्ली पुलिस मुख्यालय को एक पत्र लिखकर इस कार्यक्रम को रोकने का आग्रह किया गया था। जिससे पीएफआई की दिल्ली में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की कोशिश को रोका जा सके। विहिप दिल्ली प्रांत के प्रयासों के कारण पीएफआई को अपना वह कार्यक्रम रद्द करना पड़ा था। पिछले कुछ दिनों में पूरे देश में करीब 20 राज्यों के लगभग 105 स्थानों पर एनआईए द्वारा अचानक छापा पड़ने पर पाया गया की पीएफआई भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है, और उसके कई सदस्य है भारत विरोधी गतिविधियों में गिरफ्तार किए गए हैं।

कानपुर हिंसा में आरोपित बिल्डर वसी पर अवैध बिल्डिंगों पर बुलडोजर भी चलेगा

कानपुर (ईएमएस)। कानपुर नई सड़क हिंसा के फंड मैनेजर हाजी मोहम्मद वसी के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की गई। पुलिस की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने रासुका लगाई है। वसी को जेल में रासुका की कार्रवाई तामील कराई गई है। नई सड़क हिंसा में तीसरी रासुका की कार्रवाई हुई है। नई सड़क हिंसा में बवालियों को पैसा हाजी मोहम्मद वसी ने ही मुहैया कराया था। बड़ा बिल्डर होने की वजह से वसी चंद्रेश्वर हाता खाली कराकर उसमें भी बिल्डिंग खड़ी करना चाहता था। इसके लिए उसने हयाज जफर व मुख्तार बाबा के साथ मिलकर पूरी प्लानिंग की थी। फिलहाल नई सड़क हिंसा बवाल को लेकर वसी कानपुर जेल में बंद है। पुलिस ने वसी के खिलाफ रासुका लगाने की रिपोर्ट दी थी। जिस पर काफी मंथन करने के बाद जिला प्रशासन ने उसे स्वीकृत किया है। अभियोजन की टीम से रिव्यु कराया गया।

अब की गई कार्रवाई को बोर्ड के समक्ष भेजा जाएगा, जिससे आगे की कार्रवाई हो सके। वसी ने अवैध तरीके से बिल्डिंगों का साम्राज्य बनाया है। इसको लेकर लगातार उस पर शिकंजा कसता जा रहा है। रासुका तामील होने के बाद अब उसकी अवैध बिल्डिंग को गिराने की कार्रवाई जल्द ही शुरू हो सकती है।

लालू यादव को कोर्ट से मिली सिंगापुर जाने की इजाजत

नई दिल्ली (ईएमएस)। कथित आईआरसीटीसी घोटाले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू को इलाज के लिए सिंगापुर जाने की इजाजत दे दी है। लालू यादव 10 से 25 अक्टूबर के बीच सिंगापुर जा सकेंगे। फिलहाल आईआरसीटीसी घोटाले में वे जमानत पर हैं। सीबीआई और ईडी इस केस की जांच कर रही है। लालू यादव ने पिछले दिनों कोर्ट से सिंगापुर जाकर इलाज कराने की परमिशन मांगी थी। इससे पहले रांची की सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने लालू यादव का पासपोर्ट रिलीज किया था। लालू यादव ने सिंगापुर जाने के लिए कोर्ट में पासपोर्ट जारी करने की अर्जी लगाई थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें इलाज के लिए विदेश जाने हेतु दो महीने के लिए पासपोर्ट जारी करने का आदेश दिया और कहा कि वे लौटकर फिर से कोर्ट में अपना पासपोर्ट जमा कराएं। बता दें कि लालू यादव को किडनी, लीवर और हार्ट संबंधी बीमारियां हैं। कई दिनों तक वे दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती रहे थे। डॉक्टरों ने उन्हें सिंगापुर जाकर इलाज कराने की सलाह दी थी। हालांकि, इसी महीने 25 तारीख को लालू ने सिंगापुर में डॉक्टर के साथ अपॉइंटमेंट बुक की थी। मगर आईआरसीटीसी घोटाले में अनुमति नहीं मिलने के चलते वे सितंबर में सिंगापुर नहीं जा सके। अब अगले महीने वे विदेश में इलाज कराएंगे।

आरएसएस मुख्यालय की बढ़ाई गई सुरक्षा

नई दिल्ली (ईएमएस)। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ छापामार कार्रवाई के बीच नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हालांकि, पुलिस ने साफ किया है कि इस फैसले के तार पीएफआई के खिलाफ जारी कार्रवाई से नहीं जुड़े हैं। मंगलवार को ही जांच एजेंसियों ने साझा ऑपरेशन में करीब 8 राज्यों में दबिश देकर सैकड़ों कार्यकताओं को हिरासत में लिया गया था। मंगलवार को नागपुर पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि शहर के सभी अहम भवनों पर सुरक्षा में इजाफा किया गया है। इनमें महल स्थित संघ मुख्यालय भी शामिल है। इसकी वजह 'जारी त्योहार का समय' बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संघ मुख्यालय के अलावा उन सभी जगहों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है, जहां लोगों का आना-जाना ज्यादा है। आयुक्त ने कहा कि इस कदम का पीएफआई और उसके कार्यकताओं के खिलाफ हुई कार्रवाई से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने बताया कि संघ मुख्यालय क्लास ए में आता है और इसके चलते यह 'मुख्य प्राथमिकता' में भी शामिल है।

हमने 2019 व 2022 का चुनाव डट कर लड़ा, आगे की चुनौती भी मिलकर करेंगे पार : अखिलेश यादव

- सपा का दो दिवसीय अधिवेशन लखनऊ में शुरू, नरेश उत्तर दोबारा अध्यक्ष चुने गए

लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश गंगा-जमुनी और मिलीजुली तहजीब का प्रदेश है। आने वाले समय में जो चुनौतियां हैं वह हम सब समाजवादी मिलकर लड़ेंगे। यह लड़ाई बड़ी है, हमारा कोई सपना नहीं है कि हम ऊंचाई तक पहुंचें लेकिन हम समाज हित में ऐसी सरकार (भाजपा) को बाहर करने का काम करेंगे जो जनहित के लिए खतरा है। भले ही हमें 2019 व 2022 के चुनाव में जीत न मिली हो लेकिन हमने डट कर चुनाव लड़ा और वोट प्रतिशत में अन्य दलों से आगे रहे। यह बातें लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर पार्क में आयोजित समाजवादी पार्टी (सपा) के दो दिवसीय अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कही। अखिलेश यादव ने कहा कि लोहिया जी, अम्बेडकर जी के सपने को पूरा करने के लिए कोई भी त्याग करने का काम किसी ने किया है तो सिर्फ समाजवादी लोग करते आए हैं। उन्होंने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि ह्यसमाजवादी लोग जो चाहते थे कि बड़ी जीत हासिल हो, लेकिन सत्ता में बैठे लोगों ने हर मशीनरी का इस्तेमाल कर उसे रोकने का काम किया। 2022 में किसी भी दल को वोट मिला था तो उसमें सपा को सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत था। जीत नहीं पाए लेकिन जिस तरह से कार्यकताओं ने काम किया उससे दोगुनी सीटें मिली। अखिलेश ने कहा कि भाजपा को अगर कोई हरा सकता है तो वह समाजवादी पार्टी है। नेता जी जब-जब मुख्यमंत्री बने उन्होंने जनता की खुशहाली के लिए काम किया। किसान, गरीब की आय कैसे बढ़े और जनता को राहत मिले उस दिशा में समाजवादियों ने काम किया। समाजवादियों को जब पिछली बार मौका मिला और जो काम करके दिखाए उसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि उप्र में इस तरह का विकास हो सकता है। मंच से सपा नेताओं और कार्यकताओं में उत्साह भरते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यह जो लखनऊ में मेट्रो चल रही है वह रिकार्ड समय में समाजवादी ने पूरा करके दे दिया। गंगा की स्वच्छता के लिए काम किया। नदियों की सफाई में भी समाजवादियों ने वह कर दिखाया था जो कभी नहीं हुआ। गोमती नदी की सफाई का उदाहरण ओर कोई नहीं हो सकता। आज गंगा सफाई पर सवाल उठ रहे हैं। कोर्ट ने बीजेपी की सरकार पर जिस तरह से गंगा सफाई को लेकर सवाल उठाया है उससे साफ है कि गंगा की स्वच्छता के नाम पर बढ़े पैमाने पर लूट खसोट का काम हो रहा है। प्रदेश को कैसे जिला मुख्यालय व सड़कों का चौड़ीकरण कैसे किया जाए वह भी हमने कर दिखाया। समाजवादी पार्टी की सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे बनाकर दिखाया है। जितना काम समाजवादियों ने किया वह काम आगे नहीं बढ़ा। आने वाले समय में हम मिलीजुली संस्कृति के साथ काम करेंगे। अखिलेश यादव ने नरेश उत्तम को दोबारा प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। अधिवेशन में सपा नेता नरेश उत्तम, रामगोपाल चौधरी, राजेन्द्र चौधरी स्वामी प्रसाद मौर्य, राजीव मेहरोत्रा, सुनील साजन सहित काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख
प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक
अनिल सेठी
नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक

संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर
•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
■ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल)

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092
संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
8375000672

ADVERTISMENT RATE
TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

FULL FRONT PAGE	₹ 1,20,000/-
FULL INNER PAGE	₹ 60,000/-
FULL BACK PAGE	₹ 90,000/-
HALF FRONT PAGE	₹ 66,000/-
HALF PAGE INNER	₹ 36,000/-
HALF PAGE BACK	₹ 51,000/-
QTR. PAGE FRONT	₹ 36,000/-
QTR. PAGE INNER	₹ 21,000/-
QTR. PAGE BACK	₹ 30,000/-

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

DELHI CRIME 29 sep 2022:Layout 1 9/28/2022 7:35 PM Page 8

कटहल का टीजर हो गया आउट

-फिल्म का टीजर बहुत ही मजाकिया और मजेदार

मुंबई (ईएमएस)। फिल्म कटहल का टीजर आउट हो गया है। इस फिल्म का टीजर बहुत ही मजाकिया और मजेदार है। इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा, विजय राज और राजपाल यादव प्रमुख भूमिका में है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में हैं, जो एक अजीब केस को सुलझाते हुए नजर आती हैं। यह केस है विजय राज के कटहल के पेड़ से चोरी हुए दो कटहल का। इस कटहल को ढूंढ़ने के पुलिस की एक बड़ी टीम लगी हुई है, जिसे सान्या लीड करते हुए नजर आ रही हैं। वहीं, राजपाल यादव एक पत्रकार हैं, जो इस कटहल चोरी के केस में हस्तक्षेप करते दिखते हैं। दो मामलू कटहल के पुलिस ही नहीं बल्कि एक पूरा शहर तलाश में जुट जाता है। क्योंकि उन कटहल पर 10 हजार रुपए का ईनाम रखा गया है। अब इस ईनामी कटहल को ढूंढ़ने में पुलिस और लोगों को जो मशक्कत करनी पड़ी टीजर में उसे बड़े मजाकिया अंदाज में दिखा गया है। कटहल का यह टीजर देखते हुए आप हंसी नहीं रोक पाएंगे। फिल्म के इंट्रो में इसकी कहानी को एक सच्ची घटना पर बेस्ड बताया है। इसकी शुरूआत राजपाल से होती है, जो कटहल खोने वाली खबर की न्यूज को रिकॉर्ड करते दिखते हैं। फिर विजय राज की झलक देखने को मिलती है, जो पुलिस अधिकारियों को बुलाकर कटहल चोरी की रिपोर्ट लिखवाते हैं। सान्या मल्होत्रा की पुलिस अधिकारी के किरादर में दिखती हैं और इस केस पर फनी अंदाज में आपत्ति जताते हुए दिखती हैं। पुलिस मुस्तैदी से कटहल में ढूंढ़ने में लगती है। सान्या ने अपनी सोशल मीडिया अकाउंट पर भी फिल्म का टीजर शेयर किया है। सान्या मल्होत्रा ने टीजर शेयर करते हुए लिखा, हलचल के लिए तैयार हो जाओ क्योंकि गायब हो गए हैं ये दो कटहल। कटहल जल्द ही मिल जाएगा। सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। इस फिल्म में कॉमेडी, एक्शन, गुंडे और गन की झलक देखने को मिलती है। कुल मिलाकर फिल्म का टीजर बेहद फनी है।

ऐश्वर्या का लूज आउटफिट देख फैंस को हुआ प्रेग्नेंसी का शक!

- यूजर ने लिखा, लग रहा है, जल्द ही गुड न्यूज आने वाली है।

मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन हाल ही में मुम्बई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। एयरपोर्ट पर वे ओवरसाइज्ड व्हाइट लॉन्ग टी शर्ट में नजर आईं। ऐश्वर्या ने ब्लैक सनग्लासेज पहन रखे थे। एक्ट्रेस का यह लुक सोशल मीडिया पर टॉकिंग पॉइंट बन गया। कुछ यूजर्स ने को लगा वे प्रेगनेंट हैं और बेबी बंप छुपाने की कोशिश कर रही हैं। ऐश्वर्या जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर आईं सबकी नजरें उन पर ही टिक गई थीं। एयरपोर्ट पर ऐश्वर्या के कुछ वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर जारी होते ही वे वायरल हो गए। यूजर्स ने ऐश्वर्या का लुक देखकर कहा कि शायद वे प्रेगनेंट हैं और उनके घर दूसरा बेबी आने वाला है। एक यूजर ने लिखा, लग रहा है प्रेग्नेंट हैं जल्द ही गुड न्यूज आने वाली है। वहीं अन्य ने लिखा, क्या ये प्रेग्नेंट है, बेबी नम्बर 2 आने वाला है। ऐश्वर्या के ओवसाइज्ड आउटफिट के अलावा उनका फैटी लुक भी यूजर्स के लिए मुद्दा बन गया। यूजर्स का कहना था कि ऐश्वर्या पहले से मोटी हो गई हैं। वे अपने बालों के जरिए अपने मोटे गाल छुपाने की कोशिश कर रही हैं। दूसरी तरफ कुछ यूजर्स को ऐश्वर्या का लुक पसंद भी आया। ऐश्वर्या ने सिंदूर भी लगा रखा था, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बता दें कि ऐश्वर्या राय बच्चनजल्द ही मणि रत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन में नजर आएंगी। यह मणिरत्नम का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसका पहला पार्ट 30 सितम्बर को रिलीज होगा। फिल्म में ऐश्वर्या के अलावा विक्रम, तृषा, कार्थी, जयम रवि, जयराम, पार्थिबन, लाल, विक्रम प्रभु, प्रकाश राज सहित कई सितारे नजर आएंगे। जानकारी के अनुसार, फिल्म में ऐश्वर्या डबल रोल में नजर आएंगी। वह रानी नंदिनी और मंदाकिनी देवी के रोल में दिखेंगी। फिल्म में ऐश्वर्या के साथ काम करने को लेकर तृषा का कहना था कि वे अंदर और बाहर दोनों से खूबसूरत हैं। मैं लकी हूं कि उनके साथ काम करने का मौका मिला। बता दें कि बॉलीवुड में सेलेब्रिटीज का एयरपोर्ट लुक भी चर्चा का विषय रहता है। सेलेब्स के एयरपोर्ट आउटफिट अक्सर उनके फैंस के बीच चर्चा का केन्द्र रहते हैं।

फवाद खान को भारी पड़ा गजनी बनना

-उन्हें अस्पताल में होना पड़ा भर्ती

मुंबई (ईएमएस)। पाकिस्तान एक्टर फवाद खान के एक खुलासे ने फैंस को हैरान कर दिया है। फवाद ने अपनी फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और हॉलीवुड एक्टर क्रिश्चियन बले की की तरह बॉडी ट्रांसफॉर्म करने की कोशिश की तो उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। दरअसल, फवाद खान को अपनी फिल्म द लीजेंड ऑफ मौला जट के किरदार में फिट होने के लिए कई किलो वजन बढ़ाना पड़ा। करीब 75 किलो के फवाद ने अपना वजन बढ़ाकर 100 किलो कर लिया। वजन बढ़ाने के लिए पाकिस्तानी एक्टर को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। ये मेहनत इतनी ज्यादा हो गई कि उनकी किडनी फेल हो गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान ने खुद बताया कि बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान और हॉलीवुड एक्टर क्रिश्चियन बले से प्रेरणा ली। अब फवाद को इसके लिए पछतावा हो रहा है। एक इंटरव्यू में फवाद ने बताया कि मैंने अपने साथ बिल्कुल ठीक नहीं किया। मैं फिर कभी ऐसा नहीं करने वाला। मैंने अपनी बॉडी पर इतना प्रेशर दिया कि इसका निगेटिव असर पड़ा। मुझे डायबिटीज भी है और ठीक होने में 3 महीने लग गए। मैंने अपनी बॉडी पर कई घंटे मेहनत की। मेरे पास समय कम था, सिर्फ एक डेढ़ महीना था। मैं क्रिश्चियन बले या आमिर खान नहीं हूं, लेकिन मैं उनकी तरह ट्रांफॉर्मेशन चाहता था। मैं कभी किसी को ऐसे ट्रांसफॉर्मेशन की सलाह नहीं दूंगा। हम सब जानते हैं कि बॉलीवुड एक्टर आमिर खान अपनी फिल्म के किरदार में फिट होने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। हालांकि आमिर को कभी भारी भरकम तो कभी फिट बॉडी तुरत-फुरत नहीं मिलती, इसके लिए आमिक कड़ी मशक्कत और समय लगाते हैं। गजनी फिल्म में 8 पैक एब्स बनाने के लिए करीब 13 महीने लगाए थे तो दंगल के लिए काफी वजन बढ़ाया था। वहीं हॉलीवुड एक्टर क्रिश्चियन बले भी रोल के मुताबिक बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए जाने जाते हैं। बता दें कि फवाद खान फिल्मों और टीवी शोज के जरिए पाकिस्तान ही नहीं हिंदुस्तान में भी पसंद किए जाते हैं। फवाद इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म द लीजेंड ऑफ मौला जट के प्रमोशन में बिजी चल रहे हैं। ये फिल्म अक्टूबर में रिलीज होगी।

सिटाडेल को लेकर उत्साहित है सामंथा

अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु, जिन्होंने अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म पुष्पाः द राइज की ऊ अंतावा में अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया था, अभी वह अपनी आने वाली फिल्म सिटाडेल की तैयारी कर रही हैं। अभिनेत्री के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि सामंथा यूएस में सिटाडेल के लिए अपने चरित्र में आने पर काम कर रही है। वह सीरीज में अपने चरित्र की भौतिकता में आने के लिए वहां एक बहुत ही सख्त फिटनेस और जीवनशैली शासन का पालन कर रही है। तैयारियों के एक हिस्से के रूप में, अभिनेत्री फिल्म निर्माण और चरित्र निर्माण और एक्शन के विभिन्न विशेषज्ञों के साथ भी बातचीत कर रही है।

इसके अलावा, इसी नाम की अम्ब्रेला सीरीज के भारतीय डायवर्जेंट 'सिटाडेल' में वरुण धवन भी नजर आएंगे। सामंथा के हिट ओटीटी शो, द फैमिली मैन 2 के बाद सिटाडेल दूसरा जासूसी एक्शन ड्रामा है। अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में शाकुंतलम, खुशी और यशोदा जैसी परियोजनाएं भी हैं।

शिल्पा शेट्टी ने किया पूर्वजों का सम्मान

सर्व पितृ अमावस्या के मौके पर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने पूर्वजों का सम्मान किया। एक्ट्रेस ने पूर्वजों के लिए कुछ खास अनुष्ठान किए। इस अवसर पर अभिनेत्री ने लिखा, "आज सर्व पितृ अमावस्या है, जिस दिन हम अपने पूर्वजों का सम्मान करते हैं और उनके लिए कुछ अनुष्ठान करते हैं। वैदिक शास्त्रों के अनुसार, हम, व्यक्तियों के रूप में, तीन ऋणों के साथ पैदा होते हैं जिन्हें हमें इस जीवनकाल में चुकाना पड़ता है।" "सबसे पहले, परमात्मा (देव शक्ति), ऋषियों और पितृों (पूर्वजों) का ऋण चुकाते हैं। उनके पास स्मरण, प्रार्थना और कृतज्ञता से हमारी जीवन यात्रा में सहायता की शक्ति मिलती है।" "मघा नक्षत्र सबसे शक्तिशाली नक्षत्रों में से एक है जिसका पैतृक वंश से विशेष संबंध है क्योंकि यह पितरों (पूर्वजों) द्वारा शासित है।""आप जो आध्यात्मिक अभ्यास करते हैं, वह आपके पूर्वजों को मुक्ति, या मुक्ति पाने में मदद करता है, और बदले में, वे आपको बहुतायत में आशीर्वाद देते हैं।"

आस्कर की रेस बाहर हुए तो राजामौली को मिला सीएए का साथ!

- राजामौली को हॉलीवुड एजेंसी का भी मिल गया सहारा

मुंबई (ईएमएस)। फिल्म बाहुबली की अपार सफलता के बाद इस साल फिल्म निर्माता एसएस राजामौली की लोकप्रियता को आरआरआर ने और भी ज्यादा बढ़ा दिया जो हॉलीवुड से भी आगे निकल गई। राम चरण और एनटीआर जूनियर स्टारर ने अपने परफोर्मेंस के दौरान दुनिया भर में 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की और अपने शानदार एक्शन सीन और विजुअल इफेक्ट्स के जरिए बड़े पैमाने पर सक्सेज को सेलिब्रेट किया है। आरआरआर के यूएस डिस्ट्रीब्यूटर वेरिएंस फिल्म्स ने एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज से सभी श्रेणियों में फिल्म पर विचार करने का अनुरोध किया है। रिपोर्ट सामने आने के कुछ दिनों बाद पता चला है कि फिल्म मेकर को अमेरिकी टेलैंट एजेंसी क्रिएटव आर्टिस्ट एजेंसी (सीएए) द्वारा साइन किया गया है। जानकारी के अनुसार, ईगा निर्देशक को अब सीएए ने साइन किया है, जिसे पश्चिम में फिल्म निमार्ता की हाई डिमांड को देखते हुए एजेंसी के लिए एक प्रमुख तख्तापलट के रूप में देखा जा रहा है। आरआरआर के नेटफीलिक्स पर रिलीज होने के बाद एसएस राजामौली को न केवल देश से बल्कि पश्चिमी फिल्म निमार्ताओं से भी प्रशंसा हासिल की है। फिल्म का नाम ऑस्कर की दौड़ में भी शामिल हो गया लेकिन भारत की ओर से गुजराती फिल्म छेलो शो को कैटेगरी में भेज दिया गया। आरआरआर के भारत की ओर से ऑस्कर में खारिज किए जाने के बाद कई प्रशंसकों को झटका लगा है। वहीं दूसरी ओर यूएस के डिस्ट्रीब्यूटर ने फिल्म को अकादमी अवॉर्ड में नॉमिनेट करने के लिए एक कैंपेन प्लान किया है। साथ ही राजामौली को हॉलीवुड एजेंसी का सहारा भी मिल गया है। एसएस राजामौली की 24 मार्च को रिलीज हुई आरआरआर ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 132 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की है, जो भारत की अब तक की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। आरआरआर में राम चरण, जूनियर एनटीआर, अजय देवगन और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं। कथित तौर पर यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर लगातार दस हफ्तों तक वैश्विक स्तर पर ट्रेंड करने वाली एकमात्र गैर-अंग्रेजी भाषा की फिल्म है।

आरआरआर दो भारतीय क्रांतिकारियों अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम और ब्रिटिश शासन के खिलाफ उनकी लड़ाई के बारे में है। बात अगर राजामौली की आने वाली फिल्म को लेकर करें तो वे इन दिनों महेश बाबू के साथ एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। फिल्म को एक ग्लोबट्रोटिंग एक्शन एडवेंचर कहा जा रहा है और इसमें पूजा हेगड़े भी मुख्य भूमिका में हैं। मालूम हो कि मैग्नम ऑपस बाहुबली सीरीज के बाद से फिल्म निमार्ता एसएस राजामौली का नाम दुनियाभर में एक हाउसहोल्ड बन गया है जिसने बॉक्स ऑफिस पर पैन-इंडिया फिल्मों को जन्म दिया है। उनकी फिल्म ने देशभर के थिएटर्स में दर्शकों की भीड़ जुटाने के मामले में मानो साउथ की फिल्मों की किस्मत ही बदल दी है।

आलिया भट्ट अब हॉलीवुड फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' में दिखाएगी अभिनय का जलवा

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड के निर्माता निदेशक महेश भट्ट की प्रतिभासंपन्न बेटी आलिया भट्ट ने हिंदी फिल्मों में अपनी अभिनय क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं है कि आलिया बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनके दुनियाभर में लाखों चाहनेवाले हैं। आलिया की फिल्में लोगों के दिलों में इस कदर बसती हैं कि फैंस उन्हें हमेशा देखना पसंद करते हैं। आलिया की हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन में गैल गैडोट और जेमी डोर्नन हैं। नेटफ्लिक्स ने शनिवार को एक्शन थ्रिलर का फर्स्ट लुक रिलीज किया। इसमें आलिया को देखकर हर भारतवासी का दिल गर्व से खिल उठेगा। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के यूट्यूब चैनल पर टुडमः ए नेटफ्लिक्स ग्लोबल फैन इवेंट में वीडियो का खुलासा हुआ। आलिया भट्ट ने फैंस को ओवर-ड्राइव में भेज दिया, जब उन्होंने भी इंस्टाग्राम पर हार्ट ऑफ स्टोन का पहला लुक शेयर किया। जहां कई लोगों ने इंस्टाग्राम पर आलिया की पोस्ट पर कमेंट किया, वहीं दूसरे लोगों ने नेटफ्लिक्स के शेयर किए गए यूट्यूब वीडियो के कमेंट सेक्शन को तारीफों से भर दिया। आलिया ने वीडियो के साथ लिखा, हार्ट ऑफ स्टोन और कीया का फर्स्ट लुक। 2023 में नेटफ्लिक्स पर आ रहा है। उन्होंने हैशटैग टुडम भी लिखा।

आलिया की मां सोनी राजदान ने कॉमेंट किया, ओह फैब !!! यह बहुत रोमांचक लग रहा है! अर्जुन कपूर ने लिखा, यह बहुत बड़ी बात है... गर्व है। फैंस ने 'वाह', 'अद्भुत' और 'इंतजार नहीं कर सकते' जैसे कमेंट किए। इस बीच, एक्साइटेड फैंस ने यूट्यूब पर पोस्ट किए गए हार्ट ऑफ स्टोन के फर्स्ट लुक के कमेंट सेक्शन में भी खूब प्यार बरसाए। कई लोगों ने आलिया पर भारतीय सिनेमा को गर्व है जैसे कॉमेंट भी किए। गैल ने पहली नजर में अपने कैरेक्टर, सीआईए एजेंट रेचल स्टोन का इंट्रो दिया। हालांकि हार्ट ऑफ स्टोन के फर्स्ट लुक में जेमी और आलिया के किरदारों के बारे में बहुत कुछ नहीं बताया गया है। वैसे यह साफ है कि वे एक्शन से भरपूर कहानी में खास रोल प्ले कर रहे हैं। वीडियो में आलिया कुछ बीटीएस फुटेज में नजर आ रही हैं, जहां वह कहती हैं, इसमें ये किरदार हैं जिनसे आप जुड़ते हैं और महसूस करते हैं। वह फिल्म में कीया धवन की भूमिका निभा रही हैं। टॉम हार्पर की निर्देशित इस फिल्म में सोफी ओकोनेडो, मैथियास श्वेघोफर, जिंग लुसी और पॉल रेडी भी हैं।

परदे में रहने दो' को मिल रही है सकारात्मक प्रतिक्रिया

अभिनेत्री मलिष्का मेंडोंसा, जिनकी नई लघु फिल्म 'परदे में रहने दो' को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, फिल्म में उनके काम की मेगास्टार शाहरुख खान ने भी प्रशंसा की है। मलिष्का ने कहा, फिल्म मेरे लिए बहुत ही खास है। अवधारणा और चरित्र ने तुरंत मुझे इसके लिए हां कह दिया था क्योंकि मैं इससे संबंधित हो सकती थी। न केवल मैं, बल्कि हर लड़की इससे संबंधित होगी, मेरा मानना है। जब से ट्रेलर रिलीज हुआ है, हर कोई मेरे किरदार को पसंद कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनके इनबॉक्स में मुस्कुराते हुए शाहरुख के एक संदेश ने वास्तव में उनका दिन बना दिया और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया। अभिनेत्री ने कहा, न केवल पेशेवर या व्यक्तिगत बिरादरी से, बल्कि बॉलीवुड सितारों से भी संदेश आए और बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के एक संदेश ने मेरा दिन बना दिया। उन्होंने ट्रेलर देखा और मुझे बधाई दी। मैं निश्चित रूप से सातवें आसमान पर हूं।

सूडोकु नवताल- 6207

मध्यम

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -6206 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

शब्दजाल - 6954

बं	न	गा	र	न	ब	ज	क	ब	ल	न	
ब	ज	य	लि	दा	व	का	मौ	स	ल	य	
ई	रा	ब	न	ज	वा	ज्यो	दा	बं	य	ना	
का	ना	बं	र	ता	वी	ब	ति	ल	न	भि	
म	इ	दि	म	स	रा	द	श	न	ब	रा	
न	म	स्का	र	र	र	क	व	ना	श	म	
न	बं	दि	श	वा	क	जी	र	ग	प	ब	
व	र	न	ग	मा	व	सी	ब	न	प	न	
नी	ब	ल	ज	न	बा	री	न	ज	प	र	
त	मी	ल	प	बू	या	स	वी	ब	प	जा	
का	न	न	व	नि	र्मा	ण	न	ग	प	बं	

शब्द जाल में 'न' से शुरु होनेवाले 10 शब्दों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

नगमा, नजराना, नयनतारा, नवीन,नमस्कार, नयनाभिराम, नवज्योति, नवजीवन, नवनीत, नवनिर्माण.

शब्दजाल - 6953 का हल

दि	क	प्र	ग	बे	शी	ल	ब	ना	क	म	
ती	ल	ती	ति	रा	क	क्रां	ति	ग	कृ	धु	
क्षा	ज	दि	त	ग	ल	प्र	छ	ति	आ	म	
ख	क	क	या	ज	रा	पु	मि	ल	न	ति	
प	जो	क	का	द	ग	म	अ	प्र	तू	ग	
झ	क	ग	प्र	ल	र्द	ह	औ	पू	ना	ण	
घ	को	ती	न	षी	म	लि	जा	र	व	क	
दे	व	दा	स	तै	ई	धा	या	क	श्या	लो	
श	प	श	बा	हि	प्र	ई	क	प्र	री	म	
प	जा	ही	र	न	या	दौ	रे	र्त	ऐ	ता	
प	प्र	द	क	प्र	प्र	है	या	रा	बा	प्र	

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-5907

5	3			1		
	33	2	32		28	
1		7		4		3
6	33		42		31	6
			6		5	1
7	27	3	35	5	40	
	5			6		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5906 का हल

6	3	5	7	4	1	2
1	28	3	35	5	34	7
4	5	1	3	7	2	6
7	34	6	26	2	33	3
3	6	2	4	1	7	5
5	30	4	33	6	32	1
2	1	7	6	3	5	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in